● जयपुर, शनिवार, 26 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 70 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
# चमकता राजस्थान
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @ 3 भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खींवसर, सलुंबर...
पेज @ 4 स्वास्थ्य और एनीमिया पर खंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन...
पेज @ 8 कांग्रेस ने 36कोम को लेकर योजनाएं क्रियान्वित कीः डोटासरा...

न्यूज़ अपडेट

## लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई पर कसा शिकंजा, एनआईए ने घोषित किया मोस्ट वांटेड

● 10 लाख का इनाम भी घोषित



**मुंबई/एजेंसी।** गोल्डी बराड़ के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने लॉरेंस विश्नोई के भाई गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. दरअसल, एनआईए ने अनमोल बिश्नोई का नाम अपनी मोस्ट वांटेड नामों की सूची में डाल दिया है. इसके साथ ही जांच एजेंसी ने उसपर 10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है. बता दें कि इससे पहले, मुंबई पुलिस ने भी 14 अप्रैल को सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था. उसी ने सोशल मीडिया पर गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी ली थी. जांच में पता चला है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के शूटर भी स्नैपचैट के जरिए उससे संपर्क में थे. जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल बिश्नोई कनाडा और अमेरिका से गैंग को आपरेट कर रहा है. 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और इस इसी साल 7 अप्रैल को अभिनेता सलमान खान के आवास पर हुए हमले का कॉर्डिनेटर भी उसी को माना जा रहा है।

## अमरोहा में चलती स्कूल बस पर फायरिंग, हमलावरों ने ईंट-पत्थर भी मारे

**अमरोहा/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक स्कूल बस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन बस पर हुई फायरिंग के चलते बच्चे बेहद डरे हुए हैं। बच्चों के अभिवावकों के लिए भी यह चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने बस में दो राउंड फायरिंग की। वह ड्राइवर को निशाना बनाना चाहते थे। आरोपियों ने बस में ईंट-पत्थर भी फेंके। हालांकि, वह अपने मनसूबों में सफल नहीं हुए और बच्चों के साथ-साथ ड्राइवर भी पूरी तरह सुरक्षित है।

अमरोहा में स्कूल बस सुबह बच्चों को लेक र जा रही थी। इसी दौरान नगला ठाकुरद्वारा रोड पर बाइक सवारों ने बीच रास्ते में ही बस रोक ली। बदमाशों ने अपना चेहरा ढंका हुआ था। बस रोकने के बाद बदमाशों ने हमला कर दिया। इसके बाद एक किलोमीटर तक बस का पीछा भी किया और दो बार फायर किया। घटना के समय बस में बच्चे 30-35 भी सवार थे, लेकिन सभी लोग सुरक्षित बच गए। यह बस एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की बताई जा रही है, जिसके संचालक बीजेपी नेता हैं।

**समझौता** भारत-चीन के बीच डेमचोक और डेप्सांग में डिसएंगेजमेंट की हो गई शुरूआत

# 'जय श्री राम' उद्घोष के साथ दोनों देशों की सैनिकों की वापसी शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत और चीन के बीच हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर के दो टकराव बिंदुओं डेमचोक और डेप्सांग में डिसएंगेजमेंट की शुरूआत हो गई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की और फिर उनसे 'जय श्री राम' का उद्घोष कराया। इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों की वापसी शुरू कर दी है। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी।

● एलएसी पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाने से पहले 21 अक्टूबर को घोषणा की गई थी कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसे पांच साल से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद के तौर पर देखा गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रूस में 23 अक्टूबर को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

### दोनों देशों के सैनिकों ने चाय पर चर्चा की

रक्षा अधिकारियों ने बताया कि चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के लिए हुए समझौते के बाद चार साल से अधिक समय से तैनात दोनों पक्षों के सैनिकों में कमी आएगी और साथ ही हथियार भी वापस लिये जाएंगे। हालांकि, डेप्सांग और डेमचोक इलाके में अभी बफर जोन बनाने की घोषणा नहीं हुई है लेकिन यहां दोनों देशों के सैनिक इकठ्ठा हुए और साथ बैठकर चाय पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच लंबे समय तक तनाव बने रहने के बाद आपसी विश्वास बहाली पर चर्चा हुई। इसके बाद भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों से 'जय श्री राम' का उद्घोष कराया। उसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की वापसी शुरू कर दी है, जिससे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति मई, 2020 से पहले जैसी हो जाएगी। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी।

प्रधानमंत्री ने 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को किया संबोधित

# भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में 18वें एशिया प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई स्थान नहीं है। उन्होंने विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत की विकास गाथा से जुड़ने का यह सही समय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, मांग और डेटा के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। प्रतिभा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और बुनियादी ढांचा भारत के विकास के उपकरण हैं। इन सभी को आगे बढ़ाने के लिए भारत के पास आकांक्षी भारत (एआई) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दोहरी शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य की दुनिया की जरूरतों पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत विविधीकरण और जोखिम-मुक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। भारत वैश्विक व्यापार और विनिर्माण केंद्र बन रहा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रिकॉर्ड निवेश कर रहा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा में भाग लेने, 'मेक इन इंडिया' पहल और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' में शामिल होने का यह 'सही' समय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब भारत की गतिशीलता और जर्मनी की सटीकता मिलती है, जब जर्मनी की इंजीनियरिंग और भारत का नवाचार मिलता है और जब जर्मनी की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलती है तब इससे इंडो-पैसिफिक सहित दुनिया का बेहतर भविष्य सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी व्यवसाय की दुनिया से जुड़े हैं और आपकी प्राथमिकता व्यवसाय होता है लेकिन भारत आना केवल व्यवसाय नहीं है। यदि आप भारत की संस्कृति, भोजन और खरीदारी के लिए समय नहीं देते हैं तो आप कई चीजों से चूक जाएंगे।



### जर्मनी के विकास को नई गति मिलेगी

जर्मनी में कुशल भारतीय कर्मचारियों के लिए वीजा की संख्या को 20 हजार से बढ़ाकर 90 हजार करने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की स्किल्ड मैनपावर पर जर्मनी ने जो भरोसा जताया है, वो अद्भुत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जर्मनी के विकास को नई गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य जर्मनी की कुशल श्रमिकों की मांग को पूरा करना और भारत के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है। इसके परिणामस्वरूप, भारतीय पेशेवरों को जर्मनी में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध मजबूत होंगे।

### मजबूत हो रहे हैं भारत-जर्मनी संबंध

प्रधानमंत्री मोदी ने आज के दिन को विशेष बताते हुए कहा कि उनके मित्र चांसलर स्कोल्ज चौथी बार भारत आए हैं। यह भारत-जर्मनी संबंधों पर उनके फोकस को दिखाता है। उन्होंने कहा कि 12 साल के बाद भारत में एशिया-प्रशांत जर्मन व्यापार सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। एक तरफ यहां सीईओ की फोरम की बैठक हो रही है, दूसरी तरफ हमारी नौसेना साथ में अभ्यास कर रही है। अब से थोड़ी ही देर में भारत और जर्मनी के बीच सातवें अंतर सरकारी परामर्श का भी आयोजन होना है। हर स्तर पर भारत-जर्मनी संबंध मजबूत हो रहे हैं।

### हमने आने वाले 25 सालों में विकसित भारत का एक रोड मैप बनाया

उन्होंने कहा कि यह भारत-जर्मनी रणीतिक साझेदारी का 25वां वर्ष है। अब आने वाले 25 वर्ष इस साझेदारी को नई बुलंदी देने वाले हैं। हमने आने वाले 25 सालों में विकसित भारत का एक रोड मैप बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस महत्वपूर्ण समय में जर्मन कैबिनेट ने 'फोकस ऑन इंडिया' दस्तावेज जारी किया है।

## बारामूला में आतंकी हमला, सेना के दो जवान शहीद

● दो सिविलियन पोर्टर की भी गई जान



**श्रीनगर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुरुवार शाम को हुए आतंकी हमले में घायल सेना के दोनों जवानों ने दम तोड़ दिया. इसके साथ ही इस आतंकी हमले में दो सिविलियन पोर्टर की भी मौत हो गई है. बता दें कि गुरुवार शाम बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट के पास बूटा पाथरी इलाके में आतंकियों ने भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स के एक वाहन पर गोलीबारी कर दी थी.

इस हमले में दो सैनिक और दो सिविलियन पोर्टर गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. शुक्रवार सुबह भारतीय सेना के अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी. बता दें कि जम्मू-कश्मीर में ये हमला ऐसे इलाके में हुआ है जिसे सामान्य तौर पर आतंक मुक्त माना जाता है. बता दें कि गुलमर्ग और बूटा पाथरी जैसे घाटी के ऊपरी इलाकों में पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है. आतंकियों ने गुरुवार को इसी इलाके में सेना के वाहन को निशाना बनाया. बता दें कि हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों ने कई बार हमला किया है. जिसमें रविवार को हुआ गैर कश्मीरी श्रमिकों पर हमला भी शामिल है. 20 अक्टूबर यानी रविवार को आतंकवादियों ने गांदरबल जिले में एक इंफ्रा कंपनी के श्रमिकों के शिविर पर हमला कर दिया था. इस हमले में 6 प्रवासी श्रमिकों समेत सात लोगों की मौत हुई थी. मरने वालों में एक कश्मीरी डॉक्टर भी शामिल था.

इसके बाद कल यानी गुरुवार सुबह एक बार फिर से आतंकियों ने एक प्रवासी श्रमिक को निशाना बनाया. गुरुवार को आतंकियों ने पुलवामा जिले के त्राल इलाके में उत्तर प्रदेश के रहने वाले शुभम कुमार नाम के एक श्रमिक को गोली मार दी थी. जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया था. उसके बाद शाम को आतंकियों ने बारामूला में सेना के वाहन पर हमला कर दिया.

राम की नगरी अयोध्या में 30 अक्टूबर को होगा दीपोत्सव कार्यक्रम

# दीपोत्सव में संगीत की धुन पर होगी आतिशबाजी

अयोध्या । एजेंसी

राम की नगरी अयोध्या में 30 अक्टूबर को प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रदूषण मुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आयोजित यह दीपोत्सव हर साल की तरह इस साल भी ऐतिहासिक बनने जा रहा है, जहां आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा। इस बार आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने जानकारी दी कि 30 अक्टूबर की शाम को पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी, जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। इस ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो में संगीत और आधुनिक तकनीकों का सुंदर मिश्रण हो गा। संजय सिंह ने दावा किया कि इस शो को संगीत की धुन पर तैयार किया गया है, जो अयोध्या के दीपोत्सव को नए आयाम पर ले जाएगा। करीब 1500 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी। प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी के साथ-साथ लेजर और फ्लेम शो की चमक अयोध्या के दीपोत्सव को और भव्य बना देगी। पारंपरिक और आधुनिक तत्वों के संयोजन से तैयार किया गया यह शो उन सभी के लिए एक नया अनुभव होगा, जो इसे देखने आएंगे। आयोजन के भव्यता को बढ़ाने के लिए 30 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही है।



- पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन होगा
- आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी

### 28 लाख दीपों की रोशनी अयोध्या नगरी को प्रकाशमान कर देगी

दीपोत्सव 2024 का आयोजन राम की पैड़ी पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। 30 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में 28 लाख दीपों की रोशनी और आतिशबाजी के अनोखे रंग अयोध्या नगरी को प्रकाशमान कर देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इस वर्ष का दीपोत्सव भव्यता, सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण सुरक्षा के संदेश के साथ विशेष रूप से मनाया जाएगा, जिससे यह दीपोत्सव अयोध्या और पूरे देश के लिए यादगार बनेगा।

## अंतरिक्ष क्षेत्र को बढ़ावा देने कैबिनेट ने 1,000 करोड़ के वीसी फंड को दी मंजूरी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड (वीसी फंड) की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार के इस कदम से निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

यह कोष भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेस) के तहत काम करेगा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के साथ मिलकर इसका संचालन किया जाएगा। आईएन-स्पेस के तहत प्रस्तावित वीसी फंड का डेप्लॉयमेंट पीरियड, फंड ऑपरेशन की शुरुआत की तारीख से अगले पांच वर्ष तक रहेगा।



प्रस्तावित फंड के साथ अंतरिक्ष सप्लाई चेन में स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने के साथ भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार के सृजन की उम्मीद है। कैबिनेट ने कहा कि निवेश के अवसरों और फंड की आवश्यकताओं के आधार पर एवरेज डेप्लॉयमेंट अमाउंट प्रति वर्ष 150-250 करोड़ रुपये हो सकता है। सरकार के अनुसार, किसी कंपनी की स्थिति, उसकी विकास की क्षमताओं और राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्षमताओं पर उसके प्रभाव के आधार पर फंड की राशि तय की जाएगी। कंपनियों के लिए यह राशि 10 करोड़ से 60 करोड़ रुपये तक रहेगी। सरकार की ओर से इक्विटी निवेश सीमा विकास चरण के लिए 10-30 करोड़ रुपये और विकास के अंतिम चरण के लिए 30 करोड़ रुपये-60 करोड़ रुपये रहेगी।

# भारत चीन सीमा विवाद :क्या भरोसा करने लायक है चीन?

भारत चीन के बीच सीमा पर पैट्रोलिंग को लेकर जो समझौता हुआ है वह सिर्फ एक तात्कालिक उपचार है इस को बड़ी उपलब्धि बतौर प्रचार करना धोखा होगा। बेशक अब उम्मीद जताई जा रही है किभारत और चीन के बीच अब पर गलवान जैसा टकराव अब नहीं होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ब्रिक्स समिट में जाने से पहले इस बड़ा कदम बताया जा रहा है। भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए सहमति होने से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद सुलझ सकता है और टकराव में भी कमी आ सकती है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय और चीनी सैनिक मई 2020 में सीमा पर गतिरोध शुरू होने से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू कर सकेंगे।

इससे पहले आज, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने घोषणा की कि भारत और चीन हिमालय में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर पहुंच गए हैं और इससे सैनिकों की वापसी और तनाव का समाधान हो सकता है लेकिन सवाल फिर मौजूद है कि क्या भारत चीन की सहमति पर विश्वास कर सकता है? क्या चीन की पिछली हरकतें भरोसा करने लायक आधार देती है? शायद नहीं यही वजह है कि भारत को इस समझौते के बावजूद पल पल जागरूक रहना होगा। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिक्स समिट में शिरकत से पहले भारत और चीन के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच तनाव सुलझाने पर सहमति एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, क्योंकि पिछले करीब साढ़े चार सालों से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ था। दोनों देशों के बीच सीमा पर शांति और यथास्थिति बनाए रखने को लेकर इन सालों में कई दौर की सैन्य अधिकारियों की बैठकें हो चुकी है, लेकिन चीन के अड़ियल और धूर्ततापूर्ण रवैये के कारण बात नहीं बन पा रही थी। मगर अच्छी बात है कि पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री के अनुसार पिछले कुछ हफ्तों में हुई जानकारी के अनुसार दोनों ही देश 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है। आखिरकार वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। हालांकि अभी भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी हैं। देखा जाए तो चीन से सीमा विवाद पर यह सहमति पीएम मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के शहर कजान के दौरे से एक दिन पहले आई है। इससे यह उम्मीद थोड़ी पक्की होती दिख रही है कि रूस के कजान शहर में मोदी जिनपिंग की मुलाकात सम्मेलन के इतर भी हो सकती है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं कि एलएसी पर गश्त को लेकर समझौते पर पहुंचना एक बड़ी कामयाबी है क्योंकि भारत और चीन के बीच 2020 से शुरू हुआ सीमा विवाद बेहद भयंकर रूप ले चुका है।

ताजा समझौते से इससे सीमा पर तैनात सेनाओं की वापसी हो सकती है और तनाव कम हो सकता है। समझौते को क्षेत्र में शांति बहाली की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे दोनों देशों में रिश्तों में जारी खटास कम हुई है। सो, मोदी व जिनपिंग के बीच मुलाकात की संभावना बन रही है। हालांकि बैठक को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेता नई व्यवस्था और सीमा विवाद को सुलझाने के अन्य राजनयिक प्रयासों पर चर्चा कर सकते हैं। भारत–चीन सीमा विवाद मई 2020 में चरम पर पहुंच गया था, जब एलएसी पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़पें हुई थीं। जून 2020 में गलवान घाटी में सबसे गंभीर टकराव हुआ था। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिक और 40 से अधिक चीनी सैनिक मारे गए थे या गंभीर रूप से घायल हो गए थे। लद्दाख के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हुई यह घटना, दशकों में दो परमाणु हथियारों से लैस देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य टकराव थी। तब से, दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने अपने सैनिकों के बारे में कभी आधिकारिक आंकड़े नहीं जारी किए। गलवान झड़प ने दोनों देशों को एक बड़े सैन्य संघर्ष के कगार पर धकेल दिया था। गतिरोध ने न केवल उनके राजनयिक संबंधों को बल्कि आर्थिक संबंधों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इसके बाद से भारत ने चीनी निवेशों की जांच कड़ी कर दी है और चीनी फर्मों से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं को रोक दिया है। दूसरी तरफ चीन के तरफ से भी अरुणाचल को लेकर हमेशा विवादास्पद बयान दिए जाते हैं। इसके साथ ही सीमा पर गांव बसाने लेकर तमाम ऐसी गतिविधियां चीन के तरफ से की गई है, जिसके कारण दोनों देशों के रिश्तों में खटास आयी है। इस सीमा संघर्ष ने राजनयिक संबंधों को बुरी तरह प्रभावित किया। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर समझौतों का उम्बंधन करने और स्थिति को भड़काने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को भी झटका लगा। भारत ने चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने के लिए कदम उठाए। संघर्ष के बाद चीनी निवेश पर जांच कड़ी कर दी गई और कई चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हालांकि बीच–बीच में दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकों का सिलसिल चलता रहा और कई मुद्दों पर सहमति भी बनी, लेकिन सीमा पर तनाव कायम था, क्योंकि दोनों ही देशों के सैनिक पूर्वी लद्दाख में तैनात थे। ऐसे में एलएसी पर शांति और सामान्य स्थिति की बहाली को व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एक शर्त के रूप में देखा जाता है। भारत–चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र की रिपोर्टों के अनुसार, दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि संबंधों को सामान्य करने के लिए एलएसी पर सामान्य और शांति की बहाली जरूरी है।

तथ्य यह है कि दोनों देशों ने धीमी प्रगति के बावजूद राजनयिक संवाद जारी रखा है, यह एक सकारात्मक संकेत है कि दोनों सीमा विवाद का दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें अच्छी बात हो रही नहीं सकती है कि भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति कायम रहे, क्योंकि पड़ोसी कभी भी बदले नहीं जा सकते हैं। हालांकि भारत और चीन के बीच जब भी रिश्ते खराब हुए हैं, तो इसका कारण चीन की विस्तारवादी और धूर्ततापूर्ण रवैया रहा है। पाकिस्तान से मिलकर वह हमेशा ही भारत के विरोध में साजिश रचने की कोशिश करता है। इसलिए ताजा समझौता एक सकारात्मक कदम तो है, लेकिन इसे जमीन पर लागू करने में काफी सावधानी बरतनी होगी।

# सारे विश्व ने भारत से सीखा परोपकार



आरके सिन्हा

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे मिल जायेंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अज्ञानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीनकाल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम ‘‘सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया‘‘ में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको ‘‘पहली रोटी गौ माता को‘‘ में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जायेंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

वेद और उपनिषद् जैसे ग्रंथों में परोपकार को "दान" और "सेवा" के रूप में वर्णित किया गया है। हिन्दू धर्म में दान और सेवा का बहुत महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासः इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में "दान" को "अहिंसा" के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है।

भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी "दान" का खासा महत्व है जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधीजी ने "सर्वोदय" के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवनभर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह, अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपया दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में "समाज सेवा" है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया। जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है। इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से ‘‘करनी और बरनी‘‘ का काम आज भी बिड़ला समूह अपना रहा है। यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण



योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि ‘‘आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज़्यादा धन अर्जित करो और ज़्यादा लोगों को रोज़गार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे।’’ स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज ‘‘इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस‘‘ के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज़्यादा आईआईएस में जाना ज़्यादा पसंद करते हैं।


स्वामी विवेकानंद ने "दीन–दुखिया जन" के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उनका मानना था कि सामाजिक सेवा ही सच्चा धर्म है। विवेकानंद ने सर्वधर्म समभाव और मानवतावाद का संदेश देते हुए, हर व्यक्ति के कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की जो आज भी भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सेवाएं प्रदान करता है। महात्मा बुद्ध, गुरुनानक और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। मध्ययुगीन भारत में राजाओं और धनिकों द्वारा अनेक धर्मार्थ संस्थानों की स्थापना की गई जो स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और गरीबों की सहायता के लिए समर्पित थे। आपको हरेक गांव, कस्बे, शहर वगैरह में गैर सरकारी प्रयासों से चल रहे स्कूल, कॉलेज, धर्मशालाएं, लंगर और प्याऊ वगैरह मिल जाते हैं। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते हैं इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाजवादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है। भंडारों में प्रसाद के रूप में बंटते हैं छोले, कुलचे, हलवा, पूड़ी–आलू, ब्रेड पकोड़ा आदि। कुछ भंडारों में खीर का प्रसाद भी वितरित होता है। देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था। तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति ने पैर जमाए थे।

भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुलनीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारा अपने आप में जात–पात और वर्ग की दीवारों को तोड़ता है। इसमें सब प्रेम से प्रसाद लेते हैं। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं। जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात ये भी है कि इनसें प्रसाद हिन्दू, मुसलमान,सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं।

साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले ‘बालाजी कुनबा’ नाम से संगठन स्थापित किया। इसका मकसद जरूरतमंदों की भूख मिटाना है। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश वगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन हैं बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमानजी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला बैनर लगा होता है। जिस पर 'बालाजी कुनबा– एक परिवार भूख के खिलाफ' लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग करते हैं। ये अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग, नियुक्तियां



रजत मुखर्जी

ग्रीनहाउस गैसों के निर्माण के कारण वायुमंडल की रासायनिक संरचना बदल रही है – मुख्य रूप से कार्बनडाइऑक्साइड, मेथेन और नाइट्रस ऑक्साइड। इन गैसों की गर्मी को रोकने की क्षमता निर्विवाद है। सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा पृथ्वी के मौसम और जलवायु को संचालित करती है, तथा पृथ्वी की सतह को गर्म करती है; बदले में, पृथ्वी ऊर्जा को वापस अंतरिक्ष में विकीर्ण करती है। वायुमंडलीय ग्रीनहाउस गैसें (जल वाष्प, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसें) बाहर जाने वाली ऊर्जा में से कुछ को फँसा लेती हैं, तथा कुछ हद तक गर्मी को बनाए रखती हैं, जैसे कि ग्रीनहाउस के बिना कांच के पैनल। इस प्रभाव के कारण, तापमान अब की तुलना में बहुत कम हो जाएगा, तथा आज जैसा जीवन ज्ञात है, वह संभव नहीं होगा। इसके बजाय, ग्रीनहाउस गैसों के कारण, पृथ्वी का औसत तापमान 60एफ /150सी अधिक अनुकूल है। हालाँकि, समस्या तब उत्पन्न हो सकती है जब ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता बढ़ जाती है। औद्योगिक क्रांति की शुरुआत से ही, कार्बन डाइऑक्साइड की वायुमंडलीय सांद्रता में वृद्धि हुई है (अधिक) दोगुने से भी अधिक हो गए हैं, तथा नाइट्रस ऑक्साइड की सांद्रता में लगभग 15% की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि ने पृथ्वी के वायुमंडल की ऊष्मा को सोखने की क्षमता को बढ़ा दिया है।


वैज्ञानिकों का आम तौर पर मानना है कि जीवाश्म ईंधन का दहन और अन्य मानवीय गतिविधियाँ कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीन हाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता का मुख्य कारण हैं। हाल के अध्ययनों से नए और मजबूत सबूत सामने आए हैं, कि पिछले 50 वर्षों में देखी गई अधिकांश गर्मी मानवीय गतिविधियों के कारण है।

अब जलवायु परिवर्तन 21वीं सदी में दुनिया के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। उम्मीद है कि भविष्य में वैश्विक तापमान में पहले से कहीं ज़्यादा वृद्धि होगी। जलवायु परिवर्तन पर ज़्यादातर अध्ययन इस बात पर सहमत हैं कि अब हम वैश्विक तापमान में अपरिहार्य वृद्धि का सामना कर रहे हैं और जलवायु परिवर्तन शायद पहले ही शुरू हो चुका है। वनों की कटाई, जो पेड़ों से कार्बन मुक्त करती है, और उनकी जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले मानव–जनित कार्बन उत्सर्जन के 20% के लिए यह जिम्मेदार है।

वातावरण में, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से दुनिया में मोटर वाहनों की संख्या 40 मिलियन से बढ़कर 680 मिलियन हो गई हैः मोटर वाहन मानव द्वारा प्रेरित कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की मात्रा में योगदान करते हैं वास्तविक पारिस्थितिक अखंडता सभी के सम्मिलित प्रयास से ही प्राप्त होगी।

"पर्यावरण संकट" 15 मूलतः मूल्यों का संकट है। हमें दुनिया को अलग तरह से देखने के लिए अपने दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। हम अपनी जीवनशैली में दैनिक आधार पर जो बदलाव कर सकते हैं, उसके अलावा यह भी महत्वपूर्ण है कि हम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत बदलावों के लिए काम करें। इसमें पारिस्थितिकी बातचीत का आ''ान शामिल है। लोगों को न केवल उन परिस्थितियों के प्रति सचेत करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता है जो ग्रह को खतरे में डालती हैं, बल्कि उस रहस्य के प्रति भी सचेत करती हैं जो इसके अस्तित्व का रहस्य है।

# कांग्रेस बचा रही अपनी लाज



डॉ. प्रभात ओझा

हरियाणा और जम्मू–कश्मीर के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अपने साथी दलों के सामने नरम पड़ गयी है। इसे समझने के लिए महाराष्ट्र के आने वाले विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव काफी हैं। महाराष्ट्र में जिस दिन महाविकास अघाड़ी के दलों में अंतिम रूप से सीटों का बंटवारा हुआ, उसके दो दिन पहले तक अलग तरह की खबरें आ रही थीं। कहा गया कि कांग्रेस राज्य में बड़ा भाई का दर्जा बरकरार रखेगी। सीट शेयरिंग का यह फार्मूला आ रहा था कि कांग्रेस 105 से 110 क्षेत्रों में चुनाव लड़ सकती है। दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) को 90 से 95 और शरद पवार वाली एनसीपी को 75 से 80 सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी। यह उम्मीद लंबे समय तक बरकरार नहीं रही। जब समझौता हुआ तो तय हो गया कि तीनों में से कोई बड़ा–छोटा नहीं है। कांग्रेस भी अपने साथी दलों के बराबर ही है। प्रत्येक दल को 85 सीटें मिलीं और शेष सीटों पर ये पार्टियां मित्रवत अपने प्रत्याशी उतार सकती हैं। यानी बाकी सीटों पर ये आमने–सामने हो सकती हैं। जो भी हो, कांग्रेस पर दबाव साफ दिख रहा है और वह राज्य में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों के बराबर आ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए छोटे–बड़े की बात तो लंबे समय से पृष्ठभूमि में जा चुकी है। वहां किसी तरह से अस्तित्व बचाए रखने का लक्ष्य है।

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ देशभर में उपचुनाव भी हो रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान कराया जाना था। कानूनी अड़चनों के चलते एक क्षेत्र मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हो रहा है। बाकी बची 09 सीटों में से कांग्रेस ने पहले 05 सीटों की मांग रखी थी। यह कुल 10 में आधा–आधा का फार्मूला था। लोकसभा चुनाव में सपा के साथ समझौते में मिली 17 में से कांग्रेस 06 पर जीत कर उत्साह में थी। यह अति उत्साह में बदलता तब दिखा, जब हरियाणा में उसने सपा के साथ समझौता नहीं किया। अब सपा को मौका मिला उत्तर प्रदेश उपचुनाव में। उसने कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट देने का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस को यह दोनों सीटें हार वाली लग रही थीं। उसने प्रयागराज की फूलपुर पर भी अपनी दावेदारी की किंतु सपा टस से मस नहीं हुई। अंततः कांग्रेस ने अपनी प्रतिष्ठा बचाते हुए ‘भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को महत्व’ के नाम पर उत्तर प्रदेश में उपचुनावों से अलग रहने का फैसला कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्य प्रभारी अविनाथ पाण्डेय और विधायक दल नेता अराधना मिश्रा ने इस निर्णय को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मोर्चा के हक में किया फैसला कहा है।

इसके विपरीत स्पष्ट है कि हरियाणा और जम्मू–कश्मीर में उम्मीद से कम रह गयी कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहती। उसे उप चुनाव से अधिक 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की चिंता है। उपचुनाव से अलग रहने के फैसले को अब वह सपा से दोस्ती और अपने संविधान बचाओ मुहिम के लिए त्याग बता रही है। झारखंड में तो वह हेमंत सोरेन सरकार का अंग ही है। वहां उसका दूसरे नंबर पर रहना तय था। तेजस्वी यादव ने भी अंततः मुख्यमंत्री सोरेन से बात कर मोर्चे में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह झारखंड में भी कांग्रेस ने मोर्चे में बने रहने के लिए नरम रुख ही अपनाया है। कुल मिलाकर उसे यह बात समझ में आ गयी है कि विपरीत स्थितियों में विनम्रता ही सहायक होती है।

**(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े रहे हैं।)**

# बहराइच हिंसा का सच स्वीकारें



अवधेश कुमार

बहराइच सांप्रदायिक हत्याकांड के आरोपियों के मुठभेड़ पर जिस त्वरित गति से तीखी प्रतिक्रिया आई उसका शतांश भी स्व रामगोपाल मिश्रा की हत्या और उसके साथ हुई बर्बरता पर नहीं देखी गई। यह भारतीय राजनीति, बौद्धिक जगत और एक्टिविज्म की दुनिया की ऐसी ट्रेजेडी है जिसकी समानता इतिहास में ढूंढनी मुश्किल हो जाएगी। पुलिस मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में ही गोली लगी। पुलिस के हर मुठभेड़ को झूठ और गैरकानूनी हत्या या गोली मारना बताने वाले नेता व एक्टिविस्ट इतनी भी संवेदनशीलता नहीं बरत पाये कि वे गोपाल मिश्रा के साथ हुई बर्बरता की निंदा करते। समूचे देश में भाजपा विरोधी आम नेताओं , पार्टियों , मुस्लिम नेताओं, बुद्धिजीवियों, नामी मौलानाओं , इमामों, संस्थानों के प्रमुखों ड्ड सबके बयानों को खंगाल लीजिए, आपको शायद ही कहीं रामगोपाल मिश्रा की हत्या व नृशंसता की आलोचना में एक शब्द मिल जाए।

ठीक इसके विपरीत दुर्गा प्रतिमा विसर्जन और उसमें शामिल लोगों के व्यवहार, डीजे से निकलते गानों आदि की आक्रामक आलोचना और निंदा की भरमार मिलेगी। पूरा इको सिस्टम और नैरेटिव ऐसा बनाया गया मानो प्रतिमा विसर्जन करने निकले लोग ही दोषी हैं , उन्होंने उकसाया , जबरन घर पर चढ़कर हरे झंडे उतारे और उधर से केवल प्रतिक्रिया हुई। जिन लोगों ने आरंभ में चुप्पी साधी वे भी मुठभेड़ के बाद इसी तरह का नैरेटिव लेकर आ गए हैं। यह हतप्रभ करने वाली स्थिति है। टीवी डिबेट में पूछने पर अवश्य बोलेंगे कि हत्या गलत है पर किंतु परंतु लगाते हुए प्रतिमा विसर्जन में शामिल लोगों को ही दोषी साबित करने के लिए सारे तर्क हैं। कोई भी साहस के साथ यह सच बोलने को तैयार नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों से लगातार हिंदू पर्व–त्योहारों ,उत्सवों, दिवसों की शोभायात्राओं या प्रतिमा विसर्जन के लिए चलते जन समूह पर जगह–जगह हमले क्यों बढ़ रहे हैं? दुर्गा प्रतिमा विसर्जनको लेकर ही समाचार पत्रों की रिपोर्ट में ऐसी दो लगभग दो दर्जन घटनाएं आ चुकी है जहां उन पर पत्थरबाजी हुई , पत्थर बरसाए गए , कहीं रोकने की कोशिश हुई तो मार–पिटाई तो कहीं मूर्ति। अजमेर दरगाह के सरफराज चिश्ती ने भड़काऊ बयान देते हुए कह दिया कि न्यूटन की गति के नियमानुसार क्रिया की प्रतिक्रिया होगी। आप उकसाने वाले नारे लगाएंगे, डीजे में वैसे गाने बजाएंगे और घर पर चढ़कर झंडा उतारेंगे तो आप पर फूल नहीं बरसाए जाएंगे। यह अकेला बयान नहीं है। पूरे प्रकरण का आप मूल्यांकन करें तो निष्कर्ष आएगा कि जिम्मेवार और सम्मानित स्थान पर बैठे मजहबी व्यक्तित्व और नेता ऐसे बयान दे रहे हैं उससे समुदाय के अंदर उग्रता और असहिष्णुता बढ़ने का खतरा है। दुर्भाग्य से भाजपा, नरेंद्र मोदी सरकार, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अन्य राज्यों की भाजपा विरोध में राजनीति करने वाले नेताओं और पार्टियों का स्वर घोषित – अघोषित इनका समर्थन देने वाला है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक बहराइच हिंसा में 58 लोगों को गिरफ्तार किया तथा 10 हिरासत में है, 13 मुकदमे दर्ज किया जा चुके हैं। हत्या के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और इसी दौरान सरफराज और मोहम्मद तालिब के पैरों में पुलिस की गोली लगी है। हर मुठभेड़ की जांच मजिस्ट्रेट स्तर पर होती है और इसका भी होगा। योगी आदित्यनाथ सरकार के मुठभेड़ों की तुलना पिछली सरकारों से करें तो जांच रिपोर्ट और न्यायालयों के आदेश के अनुसार रिकॉर्ड बेहतर है। सबसे ज्यादा फर्जी मुठभेड़ का रिकॉर्ड अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी शासन के दौरान 2015 का ही है। किंतु बहराइच हिंसा के मामले में इस पहलू को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बढ़ाकर हमला करने वाले वास्तव में मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। आखिर प्रतिमाओं के विसर्जन का रूट पहले से तय था, वीडियो बता रहे हैं कि घटनास्थल के पास गेट व झंडे लगे थे। साफ है कि यह पुलिस की अनुमति से हुआ था। हर शहर और गांव में बरसों से प्रतिमा विसर्जन के रास्ते निश्चित हैं। इस तरह की घटना होनी नहीं चाहिए। बहराइच पुलिस प्रशासन की भयानक विफलता बिल्कुल स्पष्ट है। पर्याप्त मात्रा में सतर्क पुलिस बल होता तो घटना को रोका जा सकता था। जितने विवरण सामने आए हैं उनके अनुसार डीजे बजाने को लेकर विवाद किया गया, दूसरे पक्ष ने बंद करने को कहा जबकि स्वाभाविक ही विसर्जन यात्रा के लोगों ने स्वीकार नहीं किया, गाली – गलौज ,धक्का– मुक्की हुई, दुर्गा प्रतिमा भी खंडित की गई तथा कुछ भगवे झंडे उतारे गए। रामगोपाल मिश्रा इसी गुस्से में कुछ साथियों के साथ उसघर की छत पर चढ़गया जिसके कारण बाउंड्री का भाग गिरा तथा झंडा उतारने लगा। निश्चित रूप से घर पर झंडा उतारने की प्रतिक्रिया गलत है और अस्वीकार्य है। साफ है कि पुलिस का कारगर हस्तक्षेप होता तो विवाद आगे बढ़ता नहीं। डीजे बजाने को रोकने वाले या प्रतिमा खंडित करने वालों के विरुद्ध पुलिस को खड़ा होना चाहिए था और ऐसी स्थिति पैदा होनी चाहिए थी कि दूसरे ऐसा करने का दुस्साहस न करें। इतनी देर तक संघर्ष होता रहा और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। समाचार पत्रों की रिपोर्ट बताती है कि अंततः पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन में शामिल लोगों पर ही लाठियां चलाई जिससे लोग भागे तथा रामगोपाल अकेले फंस गया। इस दृष्टि से उसकी हत्या और साथ हुई बर्बरता का दोषी बहराइच पुलिस भी है। केवल एक तहसीलदार को निलंबित करने से पुलिस प्रशासन की घातक विफलता का परिमार्जन नहीं हो सकता।

दूसरी ओर यह भी देखिए, अगर परिवार के अंदर कानून व्यवस्था का सम्मान होता तो वह कम से कम रामगोपाल को पुलिस के हवाले करता। इसकी जगह बेरहम पिटाई, बर्बरता हुई और फिर गोली मारी गई। यह बगैर मजहबी जुनून और नफरत के संभव ही नहीं है। पोस्टोमार्टम रिपोर्ट में रामगोपाल की मृत्यु का कारण गोली लगना है। किंतु पोस्टमार्टम करने वाले डॉ संजय शर्मा का बयान है कि उनके पैरों के अंगूठे के नाखूओन के भाग नहीं थे, आंख के ऊपर नुकीले चीजों से वार था। शरीर पर स्वाभाविक ही अलग–अलग चोट के निशान थे। यानी शव को विकृत करने की कोशिश हुई या पहले ही उसकी निर्मम पिटाई की गई। गोली मारने का वीडियो भी सामने आ चुका है। किसी के शरीर से अगर तीन दर्जन छर्रे निकलते हैं तो आप कल्पना करिए की कितनी नफरत किसी धर्म विशेष को लेकर पैदा की जा चुकी है।

यह समझ से परे है कि आखिर किसी भी धर्मस्थल या घर के बाहर से दूसरे धर्म की यात्राओं के गुजरने, नारे लगने, गाना बजने, झूमने, नाचने का विरोध या उसके विरुद्ध हिंसा क्यों हो सकती है ? अगर हिंदू धर्मस्थलों के सामने से मुसलमान के जुलूस पर आपत्ति हो और मुसलमान के घरों और धर्मस्थलों से हिंदुओं के जुलूस पर तो इससे बुरी स्थिति नहीं हो सकती। सच है कि हिंदुओं के क्षेत्र से गुजरने वाली मुस्लिम यात्राएं बाधित नहीं होती और न उन पर पत्थर चलते हैं , न ही हिंसा होती है। ज्यादातर हिंसा हिंदुओं की शोभायात्राओं या जुलूसों के विरुद्ध ही हो रहे हैं। यह सामान्य स्थिति नहीं है। अभी तक की ऐसी घटनाओं में पुलिस के ही आरोप पत्रों को देखें तो ज्यादातर पहले से तैयारी के साथ नियोजित हमले हुए। वैसे भी किसी मस्जिद या सामान्य घर पर मिनट में उतनी संख्या में पत्थर–ईट, पेट्रोल पंप या आग्नेयास्त्र नहीं आ सकते जिनका प्रयोग हमने देखा है। तो जो क्रूर सच है उसे उसी रूप में देखने समझने से ही निदान संभव है। कहीं किसी ने इस्लाम या मोहम्मद साहब को लेकर कोई बयान दे दिया, जो बिल्कुल गलत है, पर उस पर प्राथमिकी दर्ज हो गई तब भी देशभर में गुस्ताख ए रसूल की एक ही सजा सिर तन से जुदा,सिर तन से जुदा के डरावने हिंसक नारे लगाती उग्र भीड़ ऐसे व्यवहार कर रही है मानो उस व्यक्ति को इसी समय पीट–पीटकर मार डालेंगे। संबंधित व्यक्ति के धर्मस्थलों पर हमले करने की भी कोशिश होती है और वहां पुलिस सजग नहीं हो तो कुछ भी हो सकता है। यह प्रवृत्ति जिस तरीके से बढ़ी है और कानून व्यवस्था का भय छोड़कर लोग स्वयं अपने हाथों निपटारा करने के लिए निकलने लगे हैं उससे अगर हमारे नेताओं, बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्टों तथा पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी भय व चिंता नहीं हो तो मान लेना चाहिए कि हमारा पूरा इको सिस्टम दिग्भ्रमित है। राजनीतिक तौर पर भाजपा और संघ परिवार के विरोध में देश को मजहबी जुनून की आग में झोंकने का अपराध भविष्य में सबके लिए आत्मघाती साबित होगा।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उपचुनाव में जनसभा को किया संबोधित

## लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि, आम से खास तो खास से आम बनाने में सक्षमः मदन राठौड़

## कांग्रेस धर्म, जाति और क्षेत्रवाद के नाम पर बांटने का करेंगी कार्य, लेकिन जनता विकास के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार के साथः सीएम भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा, संलुबर से शांति देवी मीणा और चौरासी से कारीलाल ननोमा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ विजय दिलाकर विधानसभा में भेजने का आ''ान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य करवाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजन करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार खनिज बाहुल्य क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राइजिंग राजस्थान के






तहत अकेले संलुबर विधानसभा क्षेत्र में 250 करोड़ के 6 एमओयू साइन किए गए है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं के उत्पीडन, गुंडागर्दी और अपराध पर लगाम लगाने का भी कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम करते है, झूठी बातें करके आमजन को बरगलाने का काम करते है लेकिन अब कांग्रेसियों की चाल नहीं चलेगी, आमजन उनके इरादे पहचान गया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो समाज को युवा, महिला, किसान और मजदूर वर्ग में विभाजित कर उनके कल्याण, उत्थान के लिए योजनाएं लागू कर रहे है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने पहले ही साल 1 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया, 33 हजार नियुक्ति पत्र दिए, 90 हजार भर्तियों को कैबिनेट ने स्वीकृति दी, 2 साल का भर्ती कैलेंडर जारी किया और 5 लाख सरकारी एवं 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार सजृन करने का वादा भी पूरा करेगी। भाजपा सरकार ने समय से पहले मूंग की खरीद शुरू करने का काम किया और नागौर में सबसे ज्यादा खरीद हुई। इतना ही नहीं, भाजपा सरकार ने प्रदेश की प्रमुख समस्या पानी और बिजली के लिए काम किया। किसानों के लिए सम्मान निधि देने के साथ घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु वर्ग के लिए आवास सुविधा दी गई। महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को विकसित करने का काम किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग आम जनता के जज्बातों से खिलवाड़ करते हुए एक-दूसरे को लड़ाने का काम कर रहे है। क्षेत्र में अंशाति फैलाने के साथ माताओं-बहनों से दुर्व्यवहार कर रहे है। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार आपको विश्वास दिलाती है कि ये प्रदेश चलेगा तो कानून के अनुसार और किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि है, इस जनता जनार्दन को कुछ लोग बहलाकर विधायक या सांसद बन गए लेकिन पद पाने के बाद इन लोगों ने इस जनता जनार्दन को ही भूला दिया। अब समय आ गया है कि इन लोगों को वापस खास से आम बना दिया जाए। राठौड़ ने कहा कि चुनावों में समाज को तोड़ने वाले लोग आएंगे, कई ऐसी पार्टियां आएंगी जो धरातल पर समाज को जाति, धर्म के नाम पर तोड़ने के साथ विचलित करने का काम करेंगे लेकिन प्रदेश के साथ क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी को दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ भाजपा के प्रत्याशी को मजबूती प्रदान करनी होगी। इसके लिए उपचुनावों में कमल के फूल पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को वियजश्री दिलानी होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर है, वहीं केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहाड़ी इलाकों के विकास के लिए योजनाएं शुरू कर रहे है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार विकसित राजस्थान के लिए कार्य कर रहे है तो उपचुनावों में क्षेत्र की जनता को सक्रिय भूमिका निभाते हुए भाजपा के प्रत्याशियों को जीता कर विधानसभा भेजना होगा। उपचुनावों में कई राजनैतिक दल आएंगे, लेकिन उनके हाथ में कुछ नहीं है। ना तो उनकी दिल्ली में चलेगी और ना ही राजस्थान में चलेगी। ऐसी पार्टी समाज को तोड़ने के अलावा विकास के लिए कुछ नहीं कर पाएंगी। ऐसे में प्रदेश के साथ क्षेत्र के विकास के लिए सहभागी बनने के लिए भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन बढ़ चढ़कर मतदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेता सुभाष चौधरी ने किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत

- खींवसर में भाजपा जनसभा हेतु विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुँचे सीएम,हेलिकॉप्टर से हुए रवाना



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** खींवसर विधानसभा उपचुनाव को सम्बोधित करने जाते समय विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, यहां से हेलिकॉप्टर के द्वारा खींवसर के लिए किया प्रस्थान। किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुँचने पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री के सुपुत्र एवं भाजपा नेता सुभाष चौधरी ने मुख्यमंत्री शर्मा का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ हवाई यात्रा मे केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी जयपुर से साथ किशनगढ़ पहुँचकर खींवसर के लिए हुए रवाना।

### ज़िला कांग्रेस महासचिव विक्रम सिंह पंवार का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव विक्रम सिंह पंवार का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर कैलाश शर्मा गुरु जी पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी झोटवाड़ा, हाजी उस्मान खान उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस,रामफूल मीणा, उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, शिव राज सिंह शेखावत उपाध्यक्ष, शहर कांग्रेस कमेटी जी एल बेनीवाल, सरदार तेजेन्द्र सिंह, विजेन्द्र सिंह सौलंकी, भोपाल सिंह नाथावत,सुरेन्द्र सिंह राठौड़, किशनसिंह राठौड़, अरशद अली, गोपाल वर्मा, महेंद्र बागड़ी, सुरेन्द्र सिंह खिची, अज़ीम भाई, कुलदीप सिंह,हेम सिंह, सुदीप सिंह, अजीत रस्तोगी व साथीयों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में वितरण किए गए लहंगा चुन्नी बाइक



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** नगर में संत रविदास सेवा विकास समिति दसवां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर देवउठनी ग्यारस पर किया जा रहा है रजिस्ट्रेशन चालू है सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले नव विवाहित जोड़ों के लिए बाइक वितरण किया गया समिति के प्रदेश अध्यक्ष लालचंद तैनगुरिया ने बताया कि लहंगा चुन्नी एवं बाइक वितरण की गई यह कार्यक्रम जगडका का रोड नगर में किया जाएगा।

## नदबई कृषि मंडी परिसर में चार दुकानों के टूटे ताले, नगदी सहित दस्तावेज चोरी का आरोप

### विरोध में व्यापारियों ने रखी कृषि मंडी बंद, व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर लगाया सवालिया निशान

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, जांच पडताल कर अन्य आरोपियों की कर रही तलाश

चमकता राजस्थान



नदबई,(राजवीर सिंह)
कस्बे में डहरा रोड स्थित कृषि मंडी परिसर में चार दुकानों का ताला तोड़ चोरी की बारदात होने के चलते व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई। वही, आरोपी गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कृषि मंडी बंद करने का निर्णय लिया। मामलें में पुलिस ने जांच पडताल कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। विभागीय सूत्रों की मानें तो देर रात कृषि मंडी परिसर स्थित कजौडी रामबाबू फर्म, रमन अवध फर्म, बाबू ललित कुमार फर्म व सरमन शिवदयाल फर्म का ताला तोड़ अज्ञात चोर तिजोरी में रखी नगदी सहित अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर व्यापारियों ने मंडी परिसर में एकत्रित होकर पुलिस के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। वही, आरोपी गिरफ्तार करने की मांग करते हुए मंडी परिसर को बंद कर दिया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। हालांकि, इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य का नही लगा सुरागः- उधर, पुलिस ने मामलें में देर शाम बैलारा निवासी कल्लाराम उर्फ दाऊ पुत्र चंदू जाटव व बालकिशन पुत्र श्यामा जाटव को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी कल्लाराम उर्फ दाऊ ने दूसरे आरोपी बालकिशन जाटव के पुत्र हसीन जाटव सहित दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने जांच पडताल कर कल्लाराम उर्फ दाऊ व चोरी की बारदात में सहयोग करने पर बालकिशन जाटव को गिरफ्तार किया।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया सीकर रोड पर दीवाली लाइटिंग का शुभारम्भ



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सीकर रोड व्यापार मंडल द्वारा की जा रही बाज़ार साज-सज्जा में लाईट डेकोरेशन का शुभारम्भ किया। इस मौक़े पर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने सभी क्षेत्रवासियों को त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की पूरी टीम विद्याधर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है और तेज़ी से विकास के काम शुरु किये जा रहे है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खातीपुरा व्यापार मंडल दीवाली कार्नीवाल का भी शुभारम्भ किया और क्षेत्रवासियो को बधाई थी। इस मौक़े पर जयपुर हेरिटेज मेयर डॉ सौम्या गुर्जर तथा पार्षदगण मौजूद रहे। दिया कुमारी ने उपस्थित व्यापारियों को आश्वासन दिया की विकास से संबंधित उनकी सभी माँगो पर कार्यवाही की जायेगी।

## समता आन्दोलन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने किया कोली का स्वागत

# लोग करते हैं जातिगत अत्याचार निरोधक एक्ट का दुरुपयोग : बहादुरसिंह कोली

### एट्रोसिटी एक्ट का किया विरोध

चमकता राजस्थान



भरतपुर,(राजवीर सिंह)
अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा किए जा रहे ₹जातिगत अत्याचार निरोधक अधिनियम के दुरुपयोग₹ के संदर्भ में दिए गए वक्तव्य के लिए, आज गांधी नगर कॉलोनी में समता आन्दोलन समिति के प्रतिनिधिमंडल की ओर से जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर के नेतृत्व में अनुसूचित जाति आरक्षित विधानसभा क्षेत्र वैर के विधायक बहादुर सिंह कोली की समतावादी विचारधारा के लिए समता आन्दोलन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। उनके समतावादी विचारों की सराहना की । प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर के अलावा समता आन्दोलन के संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल, श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा, शहर अध्यक्ष सुनील बंसल, वार्ड अध्यक्ष मंगतूराम शर्मा, जगन्नाथ प्रसाद सोनी, नरेश शर्मा, ईश्वर चंद शर्मा, इंजी.देवकीनन्दन शर्मा आदि मौजूद रहे। समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने बताया कि वैर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बहादुर सिंह कोली ने समतावादी विचारधारा का समर्थन करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति के लोग जातिगत अत्याचार निरोधक अधिनियम, एट्रोसिटी एक्ट का ग़लत उपयोग करते हैं वास्तव में तो यह कानून-व्यवस्था अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई थी लेकिन लोग आज इस एक्ट का दुरुपयोग करते हैं जो कि गलत है। उन्होंने एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग का विरोध किया। संभाग अध्यक्ष हेमराज गोयल ने कहा की समता आंदोलन भी एट्रोसिटी एक्ट के दुरुपयोग का विरोध करता है तथा सामान्य वर्ग से अपील करता है कि एससी-एसटी वर्ग के साथ एट्रोसिटी नहीं करें । जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने कहा कि जातिगत व्यवस्थाओं से समाज में बढ़ती हुई दूरियां और समाप्त होते भाईचारे कों लेकर आज सभी समाजों के प्रबुद्धजन चिन्तित हैं, इसलिए सभी समाजों को उचित सम्मान एवं न्याय प्राप्त हो सके, हमें ऐसी कानून व्यवस्था अमल में लानी चाहिए। संभाग अध्यक्ष शैक्षिक प्रकोष्ठ ओमप्रकाश शर्मा ने वैर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बहादुर सिंह कोली की समतावादी इसी विचारधारा की प्रशंसा करते हुए कहा कि विधायक बहादुर सिंह कोली आज भी अपने वक्तव्य पर कायम हैं, आज हमने इनकी इस समतावादी विचारधारा का स्वागत किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी तपन शर्मा, राजस्थान रोडवेज सेवानिवृत्त संघ के संभागीय अध्यक्ष दिनेशचन्द शर्मा जघीना, लालचंद शर्मा, अशोक शर्मा सारस, राजेंद्र भारद्वाज, रज्जन महुआ सहित अनेक लोग मौजूद थे। अन्त में शहर अध्यक्ष सुनील बंसल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने पर काटे चालान



**चमकता राजस्थान/धौलपुर( रामदास तरुण)।** धौलपुर, 25 अक्टूबर 24 को प्रदेश में चलाए जा रहे 60 दिवसीय तंबाकू फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत जिले में गठित टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। धौलपुर जिले में शुक्रवार को कोटपा एक्ट 2003 का पालन नहीं करने पर 5 दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करते पाए गए 27 लोगों के चालान काटे गए। टीम द्वारा 850 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गयी। सीएमएचओ डॉ.जयंती लाल मीणा ने बताया- टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है, का चेतावनी बोर्ड नहीं लगाने पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के तहत चालान बनाए जा रहे हैं। सभी दुकानों के बाहर बोर्ड का डिस्प्ले करने, तम्बाकू उत्पादों को बेचने के लिए लटकाकर रखने तथा बीड़ी-सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत जिला स्तरीय गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 व धारा 6 के अंतर्गत उल्लंघन करते पाए जाने पर व्यक्तियों के चालान काटकर जुर्माना राशि की वसूल की जा रही है।

### धौलपुर जिला मुख्यालय पर हुआ रोजगार मेले का आयोजन लगभग 15 कंपनियों ने लिया भाग



**चमकता राजस्थान/धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर जिला मुख्यालय पर रोजगार ऑफिस धुलकोट रोड पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया! जिसमें लगभग 15 कंपनियों ने भाग लिया धौलपुर जिले के बेरोजगार युवाओं ने अपने - अपने एक्सपीरियंस एवं पढ़ाई के आधार पर कंपनियों का चुनाव किया। वही प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल, धौलपुर में क्या बोले मुंह की जवानी जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए क्या सोच है। प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल की इस रोजगार मेले में प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए बताया कि बाड़ी /धौलपुर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है! जिसमें बाड़ी के अंदर 100 महिलाओं को सशक्त बनाया गया है। संस्थापक प्रशांत पाल के द्वारा बताया गया कि संस्था भारत के 15 राज्यों में कार्य कर रही है। राजस्थान के आठ जिलों में काम कर रही है, जैसे मेडिकल हेल्थ, एजुकेशन, महिला उद्यमी, एलजीबीटी आदि पर कार्य करती है, इस रोजगार मेले में कई एनजीओ ने भाग लिया प्रभात संस्थान धौलपुर, युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर आदि, रोजगार मेला के मौके पर सुरेश चंद रोजगार कार्यालय धौलपुर, एवं संस्था के प्रतिनिधि खुश बिहारी शर्मा, सत्येंद्र चौधरी, रामकरण, गजानंद शर्मा, मनोज बघेल,राकेश कुमार, रामदास तरुण, दीनानाथ शर्मा, रामबरन गोस्वामी, राकेश कुमार, सुरेश चंद सेमल, नरेंद्र कुमार, बी एम जैन, आदि लोग उपस्थित रहे

### उपखंड अधिकारी यादव ने ली है अधिकारियों की आवश्यक बैठक



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक :/श्रीनगर /अजमेर नसीराबाद ।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को लेकर नसीराबाद के उपखंड कार्यालय में एसडीएम देवी लाल यादव तथा पुलिस उपाधीक्षक जनरैल सिंह की मौजूदगी में बैठक का आयोजन हुआ। दिनांक 9 से 11 दिसम्बर के तहत प्रत्येक जिला स्तर पर 01 अक्टूबर से दिनांक 10 नवम्बर 2024 के मध्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया जाना है।

अजमेर जिले हेतु उक्त कार्यक्रम दिनांक 8 नवंबर को होटल ग्रैण्ड जीनिया, फॉयसागर रोड, अजमेर में आयोजित किया जायेगा। इसके संबंध में नसीराबाद क्षेत्र के उद्योगपतियों को उक्त कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दिये जाने साथ ही विभागीय समन्वय एवं समाधान हेतु आज 24 अक्टूबर को को प्रातः 11:30 बजे उपखण्ड कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस उपअधीक्षक, अधिशासी अभियंता एवीवीएनएल, सहायक अभियंता पीएचईडी सहायक अभियंता सानिवि सहित क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया ।एवं राज्य सरकार के कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराने के साथ ही मुख्य समस्याओं के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई ।

# चित्तौड़गढ़ जिले में थाना सदर व साईबर सैल टीम की संयुक्त कार्रवाई

## श्याम ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा: चोरी के सोने के जेवरात सहित दो गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त

### बारां जिले का हिस्ट्रीशीटर फरमान महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, यूपी के 32 प्रकरणों में वांछित



चमकता राजस्थान

**जयपुर/चित्तौड़गढ़,!(खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर।** चित्तौड़गढ़ शहर के प्रतापनगर स्थित श्याम ज्वैलर्स में 13 जून को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए सदर थाना पुलिस व साइबर सेल ने मामले में बारां जिले के हिस्ट्रीशीटर फरमान अली उर्फ ओडा पुत्र फिरोज अली एवं उसके साथी सबिर हुसैन पुत्र सीजर अली निवासी छबड़ा को गिरफ्तार कर चुराए गए सोने के जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त एक बाइक जब्त की है। घटना का मुख्य आरोपी फरमान महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व यूपी राज्यों के 32 प्रकरणों में वांछित हैं।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि 13 जून को शहर के प्रताप नगर इलाके में स्थित श्याम ज्वैलर्स के यहां हुई चोरी का खुलासा करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह एवं सीओ विनय कुमार के सुपरविजन में एसएचओ गजेन्द्र सिंह व साईबर सैल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटना स्थल का मौका मुआयना कर तकनीकी डाटा एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाए एवं घटना के आसपास से लेकर पूरे रूट के कैमरे के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर देख विश्लेषण कर आरोपियों को नामजद किया आरोपियों के बारे में सूचना प्राप्त कर उनके संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबिश दी गई। थाना छबड़ा जिला बारा पहुंच कर स्थानीय पुलिस को साथ लेकर उसके घर पर दबिश दे दोनों आरोपियों फरमान अली उर्फ ओडा व सबीर हुसैन को गिरफतार कर चोरी का माल बरामद किया गया।

### आरोपियो के वारदात का तरीका-

उक्त गैंग के व्यक्ति मुख्य मार्ग व नाकाबन्दी पॉईंट से बचते हुए ग्रामीण इलाकों के कच्चे रास्तों से होकर वारदात करने के बाद अपने स्थान पर जाते है। अधिकतर बुजुर्ग दुकानदार को अकेला देखकर वारदात को अंजाम देते है। वारदात के बाद अपने घर नही जाकर रिश्तेदारी में फरारी काटते है।

- **आरोपियों द्वारा की गई वारदातें-**

आरोपी फरमान अली उर्फ ओडा ज्वैलर दुकान से चोरी करने का मास्टर माइड है। इसने अलग अलग राज्यों में करीब 32 वारदातों को अंजाम दिया है जिसमे 24 जगह पर वान्छित होना सामने आया है।

- **निम्न राज्यों के थानो में वाछित है-**

थाना सिटी कोतवाली मुरैना जिला मुरैना की दो वारदात, आगरा युपी, छत्रपुर एमपी, खजुराहों एमपी, वामिठा एमपी, प्रतापनगर भीलवाडा, मैनपुरी युपी, बिकॉनगंज पुलिस स्टेशन कानपुर, गोविन्द नगर पुलिस स्टेशन कानपुर, केन्ट थाना गोरखपुर, आलमबेग पुलिस स्टेशन लखनउ, गोमती नगर पुलिस स्टेशन लखनउ, दरियागंज पुलिस स्टेशन लखनउ, अशोक नगर पुलिस स्टेशन मुंगावली, फरीदाबाद, कोतवाली रायबरेली, भीन्ड, छत्रपुर कोतवाली, विज्ञान नगर कोटा, महावीर नगर कोटा, झालावाड, देवनगर जोधपुर, पान्डुना छिन्दवाडा एमपी एवं थाना उच्चाहार रायबरेली युपी इन सभी जगह अभी वारदातों में फरार है इसके अलावा कोटा व झालावाड जिलें में स्थाई वारंटी घोषित है ।इस कार्रवाई में थानाधिकारी सदर गजेन्द्र सिंह, एएसआई ददुसिह, कांस्टेबल धर्मेंद्र, गजेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, मंजू, सायबर सेल के हैड कांस्टेबल राजकुमार, रामावतार व मनीष नायक शामिल थे।

# उदयपुर जिले में थाना प्रताप नगर पुलिस ने वाहनों की बैटरी चोरी करने वाली गैंग का किया पर्दाफाश

## गिरोह के सरगना सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, 26 वारदातों का हुआ खुलासा, 37 बैटरी व दो कार जब्त



चमकता राजस्थान

**जयपुर/उदयपुर,!(खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर।** उदयपुर जिले की प्रताप नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर,आसपास के क्षेत्र, हाईवे, होटल-ढाबों पर खड़े ट्रकों से बैटरियां तथा भंगार के गोदामों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर गैंग के मुख्य सरगना सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने पूछताछ में उदयपुर व अन्य जिलों में 26 वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने अभियुक्तों से वारदात में प्रयोग दो कारें एवं चुराई गई महंगी ब्रांड की 37 बैटरियां जब्त की है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 23 अक्टूबर को ट्रांसपोर्ट व्यवसाय नरेंद्र सिंह राणावत द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसका ऑफिस प्रताप नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में है। उसके ऑफिस में विभिन्न कंपनियों की बैटरी रखी हुई थी। 22 अक्टूबर की रात अज्ञात व्यक्तियों ने ऑफिस का ताला तोड़कर अंदर रखी आठ बैटरियां चुरा ली। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज का अनुसंधान शुरू किया गया शहर में बैटरियां चुराने की वारदातों को देखते हुए एसपी गोयल द्वारा चोरी की इन घटनाओं की खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ प्रताप नगर भरत योगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से मामले में आरोपी गौतम पुत्र नाथ लाल व लालु राम पुत्र गोता निवासी गुडली थाना कुराबड, धनराज उर्फ प्रकाश पुत्र वरदा निवासी सुरो का गुडा थाना कुराबड, लालाराम पुत्र पदा निवासी कोट थाना कुराबड एवं इन्दर लाल पुत्र वालचंद निवासी छोटी वली थाना कुराबड जिला उदयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने उदयपुर व अन्य जिलों में भंगार एवं बैटरी चोरी की 26 वारदात करना स्वीकार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 37 बैटरी भी बरामद की है। पुलिस की टीम गिरफ्तार इन आरोपियों से घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों, उनकी भूमिका व अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपी धनराज एवं इन्दर लाल के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल 12 आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

### नशे की लत और कर्जा चढ़ने पर बनाया गिरोह

» इस गैंग का संरगना गौतम उर्फ़ गुरु भंगार का काम करता है जो नशे का आदी है। इस वजह से उस पर काफी कर्ज हो गया था। कर्ज और अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए बड़ी वारदात का प्लान करने अपने गांव के आसपास रहने वाले लालाराम, धनराज उर्फ प्रकाश, लालू राम व इन्दर लाल के साथ अपना गिरोह बनाया। आरोपी रात के समय स्विफ्ट व वेगनआर कार से उदयपुर व आसपास के जिलों में नेशनल हाईवे, ढाबों व होटल पर जाकर रेकी कर वहां खड़ी वाहनों की बैटरी के साथ भंगार की दुकानों व गोदाम में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

## फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के तहत दौड़ का हुआ आयोजन

- **सिटी पार्क, मानसरोवर में कार्यक्रम का हुआ आयोजन**
- **जिला प्रमुख रमा चौपड़ा एवं जिला कलक्टर डॉ .जितेंद्र कुमार सोनी ने बढ़ाया प्रतिभागियों का उत्साह**



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान के तहत जयपुर जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन के साथ जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री प्रतिभा वर्मा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दौड़ लगाई। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राइजिंग राजस्थान का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित दौड़ को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा गया वहीं, समापन समारोह में दौड़ के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। फ्रीडम रन में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट्स के स्वयंसेवकों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई।अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनिता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया, महानिदेशक, जिला उद्योग केन्द्र शिल्पी आर. पुरोहित सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## डॉक्टर ने छात्राओ को विस्तार से दी जानकारी वही एनीमिया के रोकथाम के बारे में बताया

# स्वास्थ्य और एनीमिया पर खंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



चमकता राजस्थान

**नदबई(राजवीर सिंह)** के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन तथा एनिमिया विषय पर खण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ राहुल कौशिक खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एनिमिया के विषय में चर्चा करते हुए एनिमिया के उपचार एवं रोकथाम की जानकारी दी गई। कार्यशाला में राजकीय उप जिला अस्पताल के डॉ अजय कुमार (स्त्रीरोग विशेषज्ञ) द्वारा विषयानुसार बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान करायी गई। जिसमे किशोरावस्था के दौरान पोषण का महत्व और कुपोषण माहवारी को कैसे प्रभावित करता है, माहवारी सम्बन्धी समस्याओं व निदान तथा माहवारी से जुड़े मिथकों का खण्डन और सही जानकारी के बारें में अवगत कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उडान योजना के अन्तर्गत सैनेट्री नैपकिन की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान की। इस मौके पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम प्रमोद मुद्गल, बीएचएस नीलम कुमारी, लेखाकार अशोक बसल, मनीषा, शर्मिला देवी,वर्षा सिंह, नीलम मुद्गल आदि मौजूद थे।

# उप महानिरीक्षक जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के निर्देशन में नवीन अवैध कॉलोनियों पर जेडीए कर रहा लगातार प्रभावी कार्रवाई

## जेडीए ने 44 बीघा भूमि पर पॉच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त









## नवीन अवैध कॉलोनाईजार्स में दिखने लगा है जेडीए के पीले पंजें का डर

### नव सृजित अवैध कॉलोनी दिव्या एन्क्लेव 13, नारायण सागर, कालवाड़ वाटिका, आज़ाद नगर, विकास नगर पर हुई जेडीए कार्रवाई

### अवैध निर्माणाधीन भू-खंड पर भी जेडीए ने करी विधिसम्मत कार्रवाई

चमकता राजस्थान


जयपुर,!(खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 निजी खातेदारी की करीब 44 बीघा कृषि भूमि पर 05 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन पीआरएन-नोर्थ में जानकी विहार प्लॉट नं. ए-23 में फ्रन्ट सैटबैक का उल्लंघन कर बनी अवैध बालकनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम साँचोंती कालवाड रोड़ पार्थ सिटी के पीछे, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर''दिव्या एनक्लेव 13'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनाइजर गजेन्द्र सिंह बना द्वारा नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चंपापुरा जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''नारायण सागर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनाइजर मोहन कुलारिया, रामफूल पिपलोदा द्वारा नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम मुन्डोता, जिला जयपुर में करीब 18 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''कालवाड़ वाटिका'' व ''आजाद नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, कमरा व अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनाइजर विजय सिंह राजावत द्वारा नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड़ रोड़ बियानी कॉलेज के पास जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारीकृषिभूमिपरजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''विकास नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, व अन्य अवैध निर्माण कर कॉलोनाइजर राजू द्वारा नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही कीसुनिश्चितकीजायेगीइसीप्रकारजोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जानकी विहार भूखण्ड संख्या ए-23 में फ्रन्ट सैटबैक का उल्लंघन कर अवैध रूप से बालकनी का निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा लोखण्डा मशीन व मजदूरों की सहायतासे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, पी.आन.एन.(नोर्थ), तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध एवं नकली शराब के उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

- **जिला कलक्टर के निर्देश पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी की टीम ने की कार्रवाई**





**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अक्टूबर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय की टीम ने अवैध एवं नकली शराब के उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।जिला आबकारी अधिकारी, जयपुर शहर देविका तोमर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध एवं नकली शराब के निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पेट्रोलिंग ऑफिसर्स किशन सिंह, रामचन्द्र एवं ममता शार्दुल के नेतृत्व में जयपुर शहर के आबकारी थानों में कुल 51 अभियोग दर्ज कर 90 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं 2830 पव्वे देशी एवं अंग्रेजी शराब, 101 लीटर नाजायज हथकड़ शराब, 72 बोतलें अन्य राज्यों की शराब व बीयर सहित 06 वाहनों को जप्त किया जा चुका है।उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान करीब 1000 लीटर वाश एवं 06 भट्टियां भी नष्ट की गई है। अभियान के दौरान भविष्य में भी अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन में लिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ हेतु विशेष रेड गश्त एवं नाकाबंदी की जावेगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कार्रवाई

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि गोपालपुरा बाईपास पर पावणा मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान पुरानी मिठाई

- **पुरानी मिठाइयां नष्ट करवाकर सैंपल लिए**

मिली, जिसको नष्ट कराया गया। साथ ही, यहां जमीन पर खाद्य सामग्री बनाने और गंदगी जैसी अनेक अनियमितताएं मिलीं। केक वर्ल्ड, गोपालपुरा बाईपास पर एक्सपायरी डेट के ढेर सारे रंग पाए गए। यहां गंदी ट्रे में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही थी। साथ ही, मरे हुए चूहे की बदबू आ रही थी। खुले में सामग्री रखी हुई थी।जयपुर कोल्ड स्टोरेज, महापुरा रोड, महिंद्रा सेज में तैयार बर्फ केक वर्ल्ड पर मिली, जिस पर 1 नवंबर, 2024 की मैन्यूफैक्चरिंग डेट लिखी हुई थी। इस फैक्ट्री को पूर्व में भी विभाग के द्वारा बंद करवाया गया था। जयपुर कोल्ड स्टोरेज द्वारा बर्फ का निर्माण कर पूरे जयपुर में बिना बिल और बिना चालान के सप्लाई किए जाने की जानकारी मिली है। केक वर्ल्ड के मालिक ने बताया कि फैक्ट्री संचालक बिल नहीं देता है, इसलिए उनके पास बिल की कॉपी उपलब्ध नहीं है। चालान की प्रति मांगे जाने पर वह भी नहीं पाई गई। जीएसटी सहित अन्य टैक्स की चोरी का भी मामला प्रतीत होता है, संबंधित विभागों को सूचित किया जा रहा है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंधी, नंदकिशोर एवं राजेश नागर आदि शामिल रहे।इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम द्वारा महेश नगर में ब्रज वाटिका स्वीट्स पर निरीक्षण कर लगभग 150 किलो खराब मिठाई नष्ट करवाई गई और सैंपल लेकर नोटिस दिया गया। ओम मिष्ठान भंडार, महेश नगर में भी निरीक्षण कर सेम्पल लिया गया और इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। महेश नगर में ही दादू दयाल मिष्ठान भंडार पर भी निरीक्षण कर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। सभी खाद्य विक्रेताओं को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## समाजसेवी एवं गौरक्षक स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने गौरक्षार्थ न्यायालय में दायर की जनहित याचिका

**चमकता राजस्थान।** जयपुर /जबलपुर (खलील कुरैशी)समाजसेवी स्वामी देवस्वरूपानन्द की गौवंश हितार्थ जनहित याचिका पर हाईकोर्ट जबलपुर मध्य प्रदेश ने सुनवाई की जिसमें राज्य सरकार के अधिवक्ता ने जबाब दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट से समय मांगा है। एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तरफ से कोई भी उपस्थित नही हुआ,जिसके लिए स्थाई अधिवक्ता को डिफॉल्ट होने का विशेष पोस्ट कार्ड द्वारा नोटिस भेजा गया है। जनहित याचिका की अगली सुनवाई 18/11/2024 को होगी ।

# आरपीए में ह्यूमन राइट्स पर पुलिस ऑफिसर्स का कैपेसिटी बिल्डिग कार्यक्रम की हुई भव्य शुरूआत,

## पुलिस पर मानवाधिकारों की रक्षा और संरक्षण की महत्ती जिम्मेदारी-सेक्रेटरी जनरल एनएचआरसी

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 अक्टूबर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और राजस्थान पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'ूमन राइट्स से जुड़े विषयों पर पुलिस ऑफिसर्स का दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम शुक्रवार से राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में आरम्भ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सेक्रेटरी जनरल भरतलाल ने कहा कि पुलिस फोर्स पर मानवाधिकारों के रक्षा और संरक्षण की महत्ती जिम्मेदारी है। पुलिस ऑफिसर्स ड्यूटी के दौरान आम नागरिकों के सम्मान और गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार की रक्षा करने के साथ ही वंचित और कमजोर तबके के लोगों के हितों के संरक्षण में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार की परिकल्पना में जीने का आशय गरिमामय व अर्थपूर्ण जीवन जीने से है। महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने क्षमता संवर्धन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मानवाधिकार मानव के वे मूलभूत अधिकार हैं जो जाति, धर्म, लिंग, भाषा या सामाजिक स्थिति से परे हर एक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की बात करते है। उन्होंने आमजन के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए पुलिस के दायित्वों को रेखांकित करते हुए इस संदर्भ में नए कानूनो और प्रक्रियाओं की जानकारी से राजस्थान पुलिस के अधिकारियों के नॉलेज अपग्रेडेशन के लिए इस कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम का जयपुर में आयोजन करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का आभार जताया।इस दौरान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम एवं एससीआरबी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मानवाधिकार आयोग के सेक्रेट्री जनरल भरतलाल का स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर एनएचआरसी डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर, एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, एडीजी (ट्रेनिंग) अशोक राठौड़ सहित पुलिस मुख्यालय से एडीजी, आईजी और डीआईज स्तर के अधिकारियों सहित एसपी, एएसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। एडीजी एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एस.सेंगाथिर ने सभी का आभार ज्ञापित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डीआईजी दीपक भार्गव ने किया। कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम में आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के 40 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे है।

- **प्रथम दिन आयोजित हुए ये सत्र**

पहले दिन आयोजित सेशंस में एनएचआरसी डीजी (इंवेस्टिगेशन अजय भटनागर, पीएचआर एक्ट 1993, एनएचआरसी और रोल ऑफ इंवेस्टिगेशन डिवीजन इन एड्रेसिंग 'ूमन राइट्स तथा तीसरे सत्र में एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह ने पुलिसिंग और सुप्रीम कोर्ट के कैसेज के बारे में 'ूमन राइट्स कमीशन की गाइडलाइंस, एनएचआरसी के पूर्व सदस्य राजीव जैन ने मानवाधिकार एवं न्यायशास्त्र (ज्यूरिशप्रूडेंस) तथा राज्य मानवाधिकार आयोग, राजस्थान के सदस्य अशोक गुप्ता ने राजस्थान के संदर्भ में मानवाधिकारों के परिदृश्य पर अपने प्रस्तुतीकरण दिए।

- **शनिवार को होगा समापन**

एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल ने बताया कि कैपेसिटी बिल्डिग प्रोग्राम के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को तीन मुख्य सत्रों के बाद समापन एवं वेलिडिक्ट्री सत्र का आयोजन होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस, राजस्थान (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू होंगे। इस सत्र में एनएचआरसी डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले दूसरे दिन के प्रथम सेशन में एनएचआरसी डीजी (इंवेस्टिगेशन) अजय भटनागर, 'ूमन राइट्स एंड एथिकल डिलेमा इन पुलिसिंग, एनएचआरसी के रजिस्ट्रार (लॉ) जोगिंदर सिंह, मानवाधिकार आयोग में राजस्थान पुलिस के संदर्भ में पंजीकृत प्रकरण तथा एडीजी सिविल राइट्स एवं एएचटी मालिनी अग्रवाल, ह्यूमन राइट्स ऑफ वूमन विद स्पेशल एम्फेसिस ऑन डोमेस्टिक वायलेंस पर अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य विभाग ने हरसौरा में पनीर फैक्ट्री पर की प्रभावी कानूनी कार्यवाही



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** बानसूर। दिवाली के त्योहार को देखते हुए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम औषधि नियंत्रक, अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम औषधि नियंत्रक पंकज ओझा, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन अनुसार शिकायत पर हरसौरा में स्थित एक पनीर की फैक्ट्री पर कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि हरसौरा में स्थित एक पनीर फैक्ट्री से पनीर का नमूना लिया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान करीब 200 किलो दूषित पनीर पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही गुंता के मेसर्स स्वामी स्वीट सेंटर से मावा एवं मेसर्स शिव मिष्ठान भंडार से मावा का सैंपल लिया गया। साथ ही गुंता में किराना स्टोर से तेल, चाय, नमक और बेसन के सर्विलांस सैंपल लिए गए। मिस्ठान भंडारों को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों के रखरखाव एवं फूड सेफ्टी से संबधित नियमों की जानकारी दी गई।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग ने जयपुर ग्रामीण( शाहपुरा) में दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

- **विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए घी, बादाम व मिठाईयों के सैम्पल**
- **महेश नगर मे लगभग 150 किलो दूषित मिठाई कराई नष्ट**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम।** 25 अक्टूबर। डॉ जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम के दल ने शुक्रवार को ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए शाहपुरा में शक्ति जोधपुर मिष्ठान भंडार के यहां से मावा मिठाई, मोहन बीकानेर रसगुल्ला के यहां से घी एवं मावा, जोधपुर मिष्ठान भंडार के यहां से मावा मिठाई, एन के ब्रदर्स के यहां से बादाम, जनता जोधपुर के यहां से मावा मिठाई, महादेव मिष्ठान भंडार के यहां से गुलाब जामुन एवं मावा मिठाई, अचरोल में जय श्री करणी जोधपुर मिष्ठान भंडार के यहां से रसगुल्ला, ब्रिज वाटिका मिष्ठान भंडार महेश नगर के यहां से मावा मिठाई के नमूने लिए एवं लगभग 150 किलो दूषित मिठाई नष्ट करवाई। ओम मिष्ठान भंडार महेश नगर से मावा मिठाई के नमूने लिए गए।दुकानदारों को दीपावली के दौरान दुकान में साफ सफाई रखने के लिये विशेष ध्यान रखने के दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही मिठाईयों में स्वयं द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त दूध से निर्मित मावे का ही उपयोग करने के लिये निर्देश प्रदान किये गये। सभी प्रतिष्ठानों को रसोई, बर्तन, फर्श, दीवारें, काउंटर आदि साफ रखने, खाद्य सामग्री को ढककर रखने के लिए पाबंद किया गया।लिये गये खाद्य नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला जयपुर में जांच हेतु भिजवाया गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा दल में रतन सिंह गोदारा, नरेश कुमार चेजारा, नरेंद्र शर्मा व पवन कुमार गुप्ता शामिल रहे।

### राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

- **निगम की बसों में निःशुल्क और रियायती यात्रा के लिए आरएफआईडी कार्ड ऑनलाइन प्राप्त करने का बढ़ा प्रचलन**

**चमकता राजस्थान। जयपुर, 25 अक्टूबर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क या रियायती यात्रा करने के लिए प्रारंभ किया गया आरएफआईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा का प्रचलन आमजन में बढ़ रहा है। प्रदेशवासी घर बैठे ही आरएफआईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं और निगम की बसों में निःशुल्क और रियायती यात्रा का लाभ उठा रहे हैं।

निगम अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 56 श्रेणियों में निःशुल्क या रियायती यात्रा का लाभ दिया जाता है। इसके लिए आरएफआईडी कार्ड होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि रोडवेज द्वारा 27,098 कार्ड ऑनलाइन आवेदन पर तैयार कर संबंधित व्यक्ति के निवास पर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि आरएफआईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया को जनवरी, 2025 से पूरी तरह से ऑनलाइन किए जाने पर काम किया जा रहा है।

- **ऐसे कर सकते हैं आवेदन-**

ऑनलाइन आरएफआईडी कार्ड बनाने के लिए आरएसआरटीसी की वेबसाइट या मोबाइल के माध्यम से आरएसआरटीसी स्मार्ट कार्ड एप्लीकेशन पोर्टल पर या ईमित्र के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। पोस्टल शुल्क का भुगतान करने के बाद कार्ड संबंधित व्यक्ति के आवेदित स्थान (पते) पर डाक के माध्यम से भिजवाया जाता है।

# संघ अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक का हुआ शुभारंभ

चमकता राजस्थान



**मथुरा 25 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की दो दिवसीय बैठक का शुभारंभ शुक्रवार (25 अक्टूबर) को दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, गऊ ग्राम, परखम, फरह के नवधा सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन अर्पित कर किया गया। बैठक के प्रारम्भ में हाल ही में दिवंगत हुए राघवाचार्य महाराज (जयपुर), प्रसिद्ध उद्योगपति पद्मविभूषण रतन टाटा, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य, ईनाडु और रामोजी फ़िल्मि सिटी के संस्थापक रामोज़ी राव, कम्युनिस्ट नेता सीताराम येचुरी, पूर्व विदेश मन्त्री के. नटवर सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, एडमिरल (सेनि) रामदास तथा दिवंगत अन्य प्रमुख लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक के प्रारंभ में मार्च 2024 की अ. भा. प्रतिनिधि सभा की बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने बताया कि बैठक का समापन 26 अक्टूबर सायं 6:15 बजे होगा। बैठक में विजयादशमी के पावन पर्व पर सरसंघचालक द्वारा प्रस्तुत विचारों तथा उनके उद्बोधन में उल्लेखित महत्वपूर्ण विषयों के अनुवर्तन हेतु योजनाओं तथा देश में वर्तमान समय चल रहे समसामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। साथ ही प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा तथा संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी लिया जाएगा। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की योजना सहित अभी तक किए गए कार्यों की समीक्षा और पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, 'स्व' आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को समाज में लेकर जाने पर चर्चा होगी। सभी कार्यकर्ता इसी गऊग्राम परिसर में निवास कर रहे हैं।

बैठक में संघ रचना के सभी 11 क्षेत्रों तथा 46 प्रांतों के संघचालक, सह संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारक सहित कुल 393 कार्यकर्ता प्रतिभाग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर से केरल तथा पूर्वोत्तर के अरूणाचल, मणिपुर, त्रिपुरा आदि प्रांतो से भी कार्यकर्ता उपस्थित हैं। बैठक में प्रांतो के विशेष कार्यों का तथा परिस्थितियों का निवेदन होगा। आगामी मार्च 2025 तक की विस्तृत योजना पर भी विचार विमर्श होगा।

बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, मुकुन्दा, अरूण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अन्य अखिल भारतीय कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्य भाग ले रहे हैं।

# चित्तौड़गढ़ जिले में गंगरार थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पंजाब के तीन हथियार तस्कर गिरफ्तार,चार पिस्टल मय 8 मैगजीन बरामद**

चमकता राजस्थान



**आपराधिक गिरोह के हैं सदस्य, स्वयं की सुरक्षा व बेचने के लिए एमपी से खरीदे हथियार**

**जयपुर/ चित्तौड़गढ़,( खलील कुरैशी)** 25 अक्टूबर। चित्तौड़गढ़ में अवैध हथियारो की तस्करी के खिलाफ गंगरार थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पंजाब के तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर चार पिस्टल व आठ मैगजीन जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी चित्तौड़गढ़ से बीकानेर जाने वाली बस में हथियार ले जाते पकड़े गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपियों ने पिस्टल 35 से 45 हजार में एमपी के खण्डवा से खरीद कर स्वयं की सुरक्षा व बेचने के लिए लाना बताया है।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ कार्रवाई के लिए एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी गंगरार प्रभूलाल कुमावत के निर्देशन एवं थानाधिकारी गंगरार फूलचन्द टेलर के नेतृत्व में एएसआई बलवन्त सिह व रमेश चन्द्र, हैड कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार, दिनेश, रिधिकरण, भरत कुमार व रोहिताश्व के साथ थाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि चित्तौड़गढ़ से बीकानेर जाने वाली स्लीपर बस में कुछ व्यक्ति हथियार लेकर जा रहे हैं। सूचना पर टोल नाका के पास स्लीपर बस को रोका गया। जिसमे मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के तीन व्यक्तियों, पंजाब के अमृतसर जिले के कमोके थाना व्यास निवासी 27 वर्षीय गुलाबसिह पुत्र सुखदेव सिह, गुरदासपुर जिले के रगणनगल थाना अचल निवासी 20 वर्षीय अनमोलप्रीत सिह पुत्र बलजीत सिह व अमृतसर जिले के थाना महेता चौक निवासी 20 वर्षीय साहीब जंगरूप सिंह पुत्र विक्रमजीत सिंह की तलाशी ली गई।तलाशी में इनके पास मिले बैग से चार अवैध पिस्टल एवं आठ मैगजीन मिली। अवैध हथियारों को जब्त कर चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ मे सामने आया कि गुलाब सिंह के विरूद्व हत्या, मारपीट एवं साहिब जगरूपसिह के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। आरोपियों ने स्वयं की सुरक्षा व बेचने के लिए इंदौर के पास खण्डवा से 30 बोर की एक पिस्टल 45 हजार में तथा 32 बोर की तीन पिस्टल 35-35 हजार में खरीदकर गांव ले जाना बताया। आरोपियों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोक्त के सम्बन्ध मे अनुसंधान जारी है।

### उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना के तहत



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में आज दिनांक 25 अक्टूबर 24 को भारतीय रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित निजी मैरिज होम मथुरा पैलेस में जयकुमार एजीएम आरबीआई, लोकेश कुमार आरबीआई, अमन मीणा आरबीआई की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंच पर विराजमान अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में ऐजीएम आरबीआई के द्वारा बताया गया, कि जो फ्रॉड हो रहा है, उसके बारे में विस्तार से चर्चा की, जैसी पुलिस स्टेशन से बोल रहा हूं, आधार कार्ड, कोविड का टीकाकरण, 15 लख रुपए, आपकी लॉटरी निकली है, ओटीपी, आदि, शिकायत दर्ज कराने हेतु विभिन्न मध्य बताएं, कार्यक्रम के मौके पर मंगेश छडट आफिस धौलपुर, नाहर सिंह वरिष्ठ प्रबंधक अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय धौलपुर, नवीन कुमार पीएनबी बाड़ी, दीपक अग्रवाल एस बी आई बाड़ी, समर्थ बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक बाडी, प्रेम सागर बैंक ऑफ़ बड़ोदा बाड़ी, हरेंद्र कुमार आईसीआईसी आई, गौरव शर्मा एचडीएफसी, तेजवीर सिंह सीएफएल सेंटर मैनेजर धौलपुर, शकील खान, मनोज चौधरी, कुलदीप मित्तल, महेंद्र यादव, मनीष गौड़, सत्येंद्र नागर , धर्मपाल, हंसराज गुर्जर सीएफएल सेंटर मैनेजर, राजीव गौड़, मंजेश शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा आदि लोग मौजूद रहे

### प्रेमचंद यादव को इंडियन नेशनल कांग्रेस युवा ग्रुप में जयपुर जिला सचिव पद पर किया गया नियुक्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** इंडियन नेशनल कांग्रेस युवा ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष तरुण बाकोलिया ने संगठन का विस्तार करते हुए प्रेमचंद यादव को जयपुर जिला सचिव नियुक्त किया गौरतलब है कि युवा क्रियाशील, समाजसेवी और जमीनी कार्यकर्ता प्रेमचंद यादव जिला सचिव बनने पर युवा कार्यकर्ताओं ने खुशी की लहर देखने को मिली और इसके साथ ही बड़ी संख्या में प्रेमचंद यादव के चाहने वालों और समर्थकों ने महला को व्यक्तिगत रूप सहित विभिन्न माध्यमों से शुभकामनाएं दीं इसके साथ ही इस दौरान पवन महला ने तरुण बाकोलिया सहित इंडियन नेशनल कांग्रेस युवा ग्रुप के शिर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती देते हुए पूर्ण निष्ठा से पद की गरिमा को बनाये रखने का संकल्प लिया।

# नकली और मिलावटी होने के शक पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 550 किलो देसी घी किया गया जप्त

**अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सारण के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई**

चमकता राजस्थान



**कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** काफी दिनों से सूचनाओं मिल रही थी कि बहरोड़ क्षेत्र के आसपास नकली एवं मिलावटी की बेचा जा रहा है सूचना सत्यापित हुई। और दिनांक 25 अक्टूबर 2024 वार शुक्रवार को मुखबिर द्वारा मिली सूचना के तहत खाद्य सुरक्षा दल अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सारण के दिशा निर्देश में और आशीष सिंह शेखावत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोटपूतली बह-रोड के नेतृत्व में मैसर्स सांनवारया एग्रो फूड्स कुंड रोड बहरोड पहुंचा। मौके पर पहुंचकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार यादव ने बताया कि मैसर्स सांनवारया एग्रो फूड्स कंपनी द्वारा बहरोड़ क्षेत्र में घी का कारोबार किया जाता है मौके पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि मालिक द्वारा दिल्ली से लोहे के बड़े डर्मों में देसी घी लाकर घी की मांग के अनुसार व्यापारियों को बेचा जाता है उपस्थित कर्मचारी रमेश ने बताया कि प्रतिष्ठा का मालिक मनजीत जो कि हरियाणा के हिसार का रहने वाला है वह ये कार्य करता है। मौके पर तीन लोहे के डरमो में करीब 550 किलो घी मिला जिसमें वह घी नकली या मिलावटी होने के आशंका पर खाद्य सुरक्षा दल द्वारा मौके पर नमूनीकरण कर बाकी बचे करीब 550 किलो घी को जप्त कर लिया गया। खाद्य सुरक्षा लब जयपुर द्वारा नमूने का परिणाम आने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 तहत के तहत जो कानूनी कार्रवाई होगी विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। खाद्य सुरक्षा दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रोशन लाल जी और हेमंत कुमार यादव मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने की राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार भेंट

- करी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा वार्ता
- प्रदेशवासियों की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार भेंट कर मार्ग दर्शन प्राप्त किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राज्यपाल को प्रदेश वासियों की तरफ से आगामी पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से प्रदेश के विकास और विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। तथा राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हम सभी अंत्योदय से सर्वोदय के लक्ष्य साथ विकसित भारत, समृद्ध राजस्थान के नवनिर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

### अब मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए अंतिम संस्कार से पहले लेना होगा डॉक्टर से सर्टिफ़िकिट

- केंद्र के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने भी शुरू की कवायद

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर देश में नए नियम लागू होने जा रहे हैं नए नियमों के तहत मौत कैसी भी हुई हो चाहे अस्पताल में या घर में बीमारी से या प्राकृतिक तौर से हर स्थिति में मौत का कारण बताकर इलाक़े के चिकित्साधिकारी से इसका प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा तभी मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बन पाएगा !

अब तक केवल अस्पताल ,दुर्घटना या अपराधों के तहत हुई मौतों के मामले में ही चिकित्सा प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती थी ,केंद्र के निर्देश के बाद प्रदेश में भी इसे लेकर कवायद शुरू हो गई है डॉक्टरी सर्टिफ़िकिट जारी करने के लिए जयपुर में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और चिकित्सकों को इस नए नियम की जानकारी दी गई दरअसल केंद्र सरकार के जनगणना विभाग द्वारा मौत के कारणों की तह तक जाने के लिहाज़ से डेटा तैयार किया जा रहा है ताकि क्षेत्र विशेष में रोग के अनुसार इलाज की व्यवस्था की जा सके एमसीसीडी द्वारा मृत्यु के कारणों का अलग अलग आयुवर्ग और लिंग के आधार पर डेटा तैयार किया जा रहा है एम्स दिल्ली के एसोसिएट प्रोफ़ेसर का कहना है कि चिकित्सक अस्पताल में होने वाली मौत के कारणों को स्पष्ट नहीं लिखते इसके लिए चिकित्सकों को ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि किसी भी अस्पताल या क्षेत्र विशेष में किस किस प्रकार के रोगों से मृत्यु हो रही है उसकी जानकारी के आधार पर रोग का निदान किया जा सके केंद्र सरकार द्वारा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए शुरू किए गए ऑनलाइन पोर्टल सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम को मज़बूत करने के लिए चिकित्सीय प्रमाणीकरण को महत्व दिया गया है आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि मृत्यु होने पर केंद्र सरकार द्वारा चिकित्सा प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को अब तक राज्य सरकार द्वारा शिथिलता दी गई थी लेकिन आने वाले दिनों में सौ फ़ीसदी अनिवार्यता की जाएगी इसके लिए एमसीसीडी के ग़ैर संस्थानिक मृत्यु के कार्य को शीघ्र ही ऑनलाइन किया जाएगा !

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि नियमों में इस तरह के प्रावधान होने के बाद आमजन के सामने चिकित्सक प्रमाण पत्र प्राप्त करना बड़ी चुनौती होगी घर पर सामान्य मौत होने पर प्रमाण पत्र के लिए शव चिकित्साक के पास ले जाना अनिवार्य होगा विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शव को ले जाए बग़ैर भी डॉक्टर सर्टिफिकेट जारी कर सकता लेकिन उनके इनकार करने पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त होना एक चुनौती होगी ऐसी स्थिति में आमजन किस तरह मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करें इसको लेकर फ़लिहाल कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

# कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन तक पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी जायसवाल

एजेंसी

**पुणे।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दिलीप वेंगसरकर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1979 में 23 साल की उम्र में 1000 रन का आंकड़ा छुआ था।

वर्तमान में, जायसवाल 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 1305 रन बनाए हैं।

इस साल जायसवाल ने सिर्फ 10 मैचों में 59.23 की औसत से 1007 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में तीन और टेस्ट मैच बचे हैं, ऐसे में उनके पास भारतीय दिग्गजों द्वारा बनाए गए कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है। सबसे खास बात यह है कि सचिन तेंदुलकर के नाम एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने का रिकॉर्ड है, जिन्होंने 2010 में 14 मैचों में 1562 रन बनाए थे। वीरेंद्र सहवाग के 2008 में बनाए गए 1462 रन एक साल में किसी भारतीय ओपनर द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं।

**22 वर्षीय बल्लेबाज ने दिलीप वेंगसरकर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया**

**जायसवाल 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट के बाद दूसरे स्थान पर हैं**



# वॉर्नर पर लगा कप्तानी प्रतिबंध हटा

एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को डेविड वॉर्नर पर लगे आजीवन कप्तानी प्रतिबंध को सीए के आचरण आयोग की समीक्षा के बाद हटा दिया है। इसका मतलब है कि अब वह आगामी बिग बैश लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करने के पात्र हैं, 2018 में केपटाउन में सैंडपेपर घटना के बाद उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसके बाद से उन्हें ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम की कप्तानी करने की अनुमति नहीं थी। सीए ने आयोग की समीक्षा के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें तीन सदस्यीय पैनल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वॉर्नर ने 2022 में आचार संहिता में बदलाव के बाद प्रतिबंध हटाने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा किया है। अपने निर्णय में पैनल ने उल्लेख किया कि उनके जवाबों के सम्मानजनक और पश्चाताप भरे लहजे के साथ-साथ विषय-वस्तु ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और सर्वसम्मति से यह निष्कर्ष निकाला कि आचरण के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने में वह ईमानदार और सच्चे थे ।



### वॉर्नर ने सनराइजर्स और दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व किया था

पैनल ने उन संदर्भों पर भी विचार किया जिनमें वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया में युवा क्रिकेटरों के विकास में जो योगदान दिया है और भविष्य में भी दे सकते हैं, यदि उन्हें वॉर्नर के नेतृत्व में खेलने का अवसर दिया जाए, तथा विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में दक्षिण एशियाई समुदाय के बीच क्रिकेट में रुचि बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका जारी रहेगी' का उल्लेख किया गया। वॉर्नर ने बॉल टैंपरिंग कांड में शामिल होने के कारण एक साल के लिए खेलने पर प्रतिबंध स्वीकार करने के बाद 2018 में नेतृत्व प्रतिबंध को संशोधित करने के लिए एक आवेदन दायर किया था। इससे पहले उन्होंने 2022 में अपने प्रतिबंध को खत्म करने के आवेदन को गुस्से में वापस ले लिया था। वॉर्नर के लिए यह लंबे समय से निराशा का स्रोत रहा है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टीम का नेतृत्व करने से प्रतिबंधित कर दिया गया था, जबकि स्टीवन स्मिथ, जिन्हें घोटाले में शामिल होने के कारण एक साल के लिए खेलने से प्रतिबंधित किया गया था, तब से ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट और वनडे टीम दोनों की कप्तानी कर रहे हैं और वर्तमान टेस्ट उप-कप्तान बने हुए हैं।

# भारत की पहली पारी 156 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड को मिला 103 रनों की बढ़त

एजेंसी

**पुणे।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम की पहली पारी 45.3 ओवर में 156 रनों पर सिमट गई है। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 259 रन बनाए थे। इस लिहाज से न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम पर 103 रनों की बढ़त ले ली है। फिलहाल न्यूजीलैंड की दूसरी पारी शुरू हो चुकी है। कप्तान टॉम लाथम और डेवोन कॉनवे क्रीज पर हैं। पहली पारी में भारतीय टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फेल साबित हुई। पहले दिन कप्तान रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हो गए। आज दूसरे दिन यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने अच्छी शुरूआत की। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया और स्कोर को 50 तक ले गए लेकिन इसके बाद गिल आउट हो गए।



### न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 259 रन बनाए

इससे पहले इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 259 रन बनाए। कप्तान टॉम लैथम और डेवोन कॉनवे ने न्यूजीलैंड को सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। रविचंद्रन अश्विन ने इसी स्कोर पर लैथम को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। लैथमने 15 रन बनाए। अश्विन ने 76 के कुल स्कोर पर विल यंग को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। यंग ने 18 रन बनाए। इसके बाद कॉनवे और रचिन रवींद्र ने तीसरे विकेट के लिए 62 रनों की साझेदारी की। इस दौरान कॉनवे ने अपना अर्धशतक पूरा किया। 138 के कुल स्कोर पर कॉनवे को अश्विन ने आउट कर भारत को तीसरी सफलता सफलता दिलाई। कॉनवे ने 141 गेंदों पर 11 चौकों की बदौलत 76 रन बनाए। यहां से वाशिंगटन सुंदर ने अपना जादू चलाया और कीवी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर जमकर नचाया। उन्होंने 197 के स्कोर पर रचिन रवींद्र को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। रवींद्र ने 65 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद सुंदर ने एक के बाद एक कीवी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजना शुरू किया और अंत में मिचेल सेंटनर (33) को 259 के कुल स्कोर पर बोल्ड कर न्यूजीलैंड की पारी समाप्त की। सुंदर ने 23.1 ओवर में 59 रन देकर 7 विकेट लिये, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 3 विकेट लिये।

## खो-खो विश्व कप 2025 में होगी वैश्विक भागीदारी, 24 देश लेंगे हिस्सा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने शुक्रवार को उन 24 देशों की घोषणा की जो 13-19 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में होने वाले पहले खो खो विश्व कप में भाग लेंगे।

यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट इस स्वदेशी भारतीय खेल के वैश्विक विकास का प्रतीक है, जिसमें छह महाद्वीपों के चौबीस देश विश्व चैंपियन के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व कप में हिस्सा लेने वाले इन 24 देशों में अफ्रीकी महाद्वीप से घाना, केन्या, दक्षिण अफ्रीका और युगांडा, एशिया से मेजबान भारत के साथ-साथ बांग्लादेश, भूटान, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका, यूरोप से इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और पोलैंड, उत्तरी अमेरिका से कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका से ब्राजील और पेरू,जबकि ओशिनिया से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं।

## खिलाड़ियों के बीच बराबर बांटी जाएगी पुरस्कार राशि : न्यूजीलैंड

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने पुष्टि की है कि संयुक्त अरब अमीरात में 2024 महिला टी20 विश्व कप जीतने पर 2.3 मिलियन अमरीकी डॉलर की पुरस्कार राशि 15 टीम सदस्यों के बीच समान रूप से विभाजित की जाएगी। पुरस्कार राशि का बंटवारा, जो चार मिलियन न्यूजीलैंड डॉलर और 19 करोड़ से अधिक भारतीय रुपये के बराबर है, का मतलब है कि प्रत्येक टीम के सदस्य को 256,000 न्यूजीलैंड डॉलर मिलेंगे, जो उनके राष्ट्रीय अनुबंध राशि से कहीं अधिक है। यह ध्यान देने योग्य है कि 2022 में, एनजेडसी ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों स्तरों पर पुरुष और महिला क्रिकेटरों के लिए मैच भुगतान में समानता की घोषणा की थी। एनजेडसी की महिला सहभागिता प्रमुख जेस डेविडसन ने कहा, प्रेरणा के मामले में यह जीत निश्चित रूप से बहुत बड़ी है। एनजेडसी पिछले कुछ समय से समुदाय और मार्ग स्तर पर महिलाओं के खेल में काफी निवेश कर रहा है, और इस तरह का एक महत्वपूर्ण क्षण बिल्कुल वही है जिसकी हमें अपने शानदार खेल को और अधिक कीवी खिलाड़ियों तक पहुंचाने में मदद करने की आवश्यकता है।



**1 नवंबर को स्वदेश पहुंचेगी महिला टीम :** इस सप्ताह ही हमने देखा है कि इस ग्रीष्मकाल में क्रिकेट के लिए पंजीकरण कराने तथा महिलाओं और लड़कियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई हमारी प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए उत्सुक लड़कियों की संख्या में वृद्धि हुई है। सोफी डिवाइन की अगुआई वाली टीम फिलहाल अहमदाबाद में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत में है और 1 नवंबर को स्वदेश पहुंचेगी। एनजेडसी ने कहा कि न्यूजीलैंड भर में कार्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है, जहां खिलाड़ियों को स्थानीय प्रशंसकों से जुड़ने और उनके अटूट समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद देने का मौका मिलेगा। जेस ने कहा, यह केवल खिलाड़ी ही नहीं हैं, हमने कीवी अंपायर किम कॉटन को टूर्नामेंट में अंपायरिंग करते हुए और पूर्व व्हाइट फर्न कैटी मार्टिन को कमेंट्री करते हुए भी देखा - यह साबित करता है कि खेल में महिलाओं के लिए कई रास्ते हैं। एनजेडसी की महिला उच्च प्रदर्शन प्रमुख लिज ग्रीन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विजयी टी20 विश्व कप अभियान न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेट के विकास के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड होगा। उन्होंने कहा, इस समूह ने जो हासिल किया है और जिस तरह से उन्होंने खुद को आगे बढ़ाया है, उस पर हमें गर्व है। हम इस विश्व कप के दौरान टीम को मिले समर्थन के लिए आभारी हैं और न्यूजीलैंड में महिला खेल को बढ़ावा देने के लिए पर्दे के पीछे चल रहे काम को देखते हैं।

## व्यापार

### देश में 597 कंपनियों के मालिकों ने घटाई अपनी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अक्टूबर में शेयर बाजार में आई जोरदार गिरावट से निवेशक पहले से ही परेशान हैं। इस बीच आज आई एक खबर ने उनके तनाव में और बढ़ोतरी कर दी है। इस खबर के मुताबिक देश में कम से कम 597 कंपनियों के मालिकों या प्रमोटर्स ने सितंबर में खत्म हुई तिमाही के दौरान कंपनी में अपनी शेयर होल्डिंग कम कर दी है यानी कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटा दी है। वहीं करीब 200 कंपनियों के मालिकों या प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी में इजाफा भी किया है। स्टॉक मार्केट में लिस्टेड कंपनियों में से लगभग 3,300 कंपनियों ने सितंबर में खत्म हुई तिमाही के बाद अपनी शेयर होल्डिंग से जुड़े आंकड़े जारी कर दिए हैं। इनमें से 597 कंपनियों के प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी घटाई है ।

# भारत-जर्मनी हरित प्रौद्योगिकी तालमेल से वैश्विक विकास को बढ़ावा मिलेगा: गोयल

**भारत और जर्मनी के बीच तालमेल अभूतपूर्व विकास को गति दे सकता है**

**भारत की क्षमता जर्मनी की सटीक इंजीनियरिंग के साथ मिलकर दुनिया को लाभ पहुंचाने में सहायक होगी**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जर्मनी की सटीक इंजीनियरिंग कला और भारत की भौतिक, डिजिटल या सामाजिक बुनियादी ढांचे में विस्तार करने की क्षमता दुनिया के लिए कुछ असाधारण बनाने में मदद करेगी। गोयल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में जर्मन बिजनेस (एपीके) के 18वें एशिया प्रशांत सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा कि एआई अपनाने से लेकर सेमीकंडक्टर तक देश के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने से लेकर हरित प्रौद्योगिकी पर सहयोग करने तक, भारत और जर्मनी के बीच तालमेल अभूतपूर्व विकास को गति दे सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की क्षमता जर्मनी की सटीक इंजीनियरिंग के साथ मिलकर दुनिया को लाभ पहुंचाने में सहायक होगी। गोयल ने कहा कि एशिया का जनसांख्यिकीय बदलाव व्यवसायों के लिए उपजाऊ जमीन है, जो विस्तार करना चाहते हैं और उभरते क्षेत्रों का लाभ भी उठाना चाहते हैं। उनहोंने कहा भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वाणिज?य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि आज का भारत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे पर बना है। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए सुधार, लचीलापन और तत्परता दुनिया भर के व्यवसायों के लिए उपलब्ध है।

### लगातार 5वें दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट

# निवेशकों को 1 दिन में 6.36 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवें दिन जबरदस्त बिकवाली का शिकार हो गया। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से इसकी चाल में थोड़ी और तेजी आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने थोड़ी देर में ही लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार का सपोर्ट करने की कोशिश की लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार की चाल में सुधार नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।



कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जबरदस्त दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी आ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 437.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.79 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.36 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,021 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 853 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 3,088 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं, 80 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,514 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 376 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,138 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

# कांग्रेस ने 36कोम को लेकर योजनाएं क्रियान्वित कीः डोटासरा

चमकता राजस्थान (अत्री कुमार दाधीच)






**जयपुर, 25 अक्टूबर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा आज प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा उपचुनाव हेतु दौसा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा तथा देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कस्तूर चन्द मीणा के नामांकन जनसभा में शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील जनता से करते हुए कहा कि दौसा क्षेत्र के 36 कौम के लोगों को धन्यवाद कि एक शानदार नेता मुरारीलाल मीना को पहले विधायक चुना और फिर चुनकर संसद में भेजा। उन्होंने कहा कि सांसद मुरारी मीना धन्यवाद के पात्र है कि उन्होंने 36 कौम को लेकर पीढ़ियों से कांग्रेस में रह कर जनता की सेवा कर रहे दीनदयाल बैरवा (डी सी बैरवा) को विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी बनाने हेतु आलाकमान को प्रस्ताव भेजा और दौसा जिला कांग्रेस सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने इस नाम की अनुशंषा की। उन्होंने कहा कि दौसा में विपक्षी उम्मीदवार वही है जिसके लिए भाजपा के केबिनेट मंत्री भवानी को रूठा कर बैठे थे, अपने भाई को टिकट दिलवाने के लिए सारी कवायद की। उन्होंने कहा कि वो सब बातें जो केबिनेट मंत्री करते थे कि एस आई की भर्ती निरस्त कर दो, बेरोजगारों के लिए कुछ करो, भ्रष्टाचार मिटाया जाए तो अब क्यों चुप है, प्रदेश के तीन महिने खराब कर दिए जबकि कृषि मंत्री के रूप में किसानों के लिए कार्य करने का महत्वपूर्ण समय था। उन्होंने कहा कि दौसा में केबिनेट मंत्री जी को भाई के लिए टिकट वैसे ही मिल जाती क्योंकि यहां भाजपा की हार सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहने की आवश्यकता है जो अपने भाषणों में अनेक बार यह कह चुका हो कि टिकट मैं ले लू, मेरा भाई ले ले, मुरारी ले ले, नमोनारायण ले ले तो फिर पत्थर तोड़ कर गुजारा करने वाले का नम्बर कब आएगा। उन्होंने कहा कि पत्थर तोड़ने वाले मेहनतकश इंसान का नम्बर अब कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा के रूप में आएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा जनता के लिए काम करेंगे और विधानसभा में दौसा की आवाज मजबूती के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव में 25-0 से जीतने की बात कर रहे थे इसी दौसा संसदीय क्षेत्र से आमजनता ने कांग्रेस के प्रत्याशी मुरारीलाल मीना को ढाई लाख मतों से जीता कर भेजा और अब दौसा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा को जीता कर सांसद के हाथ मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन माह से प्रदेश के मुख्यमंत्री और किरोड़ी लाल मीना आपस में मिल नहीं रहे थे, बात नहीं कर रहे थे और केवल मीडिया के माध्यम से आपस में बात कर रहे थे और अब हम देख रहे हैं कि भाई का टिकट होते ही किरोड़ी लाल मीना और मुख्यमंत्री के मध्य भरत मिलाप भी हो रहा है और किरोड़ी लाल मीना मुख्यमंत्री का अभिनन्दन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन माह से जिस सरकार एवं मुख्यमंत्री का विरोध किरोड़ी मीना जी कर रहे थे और इस्तीफा दिए बैठे थे, वे अचानक राजी कैसे हो गए। उन्होंने कहा कि सिर्फ टिकट के लिए ऐसा करना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी विधायक बने या सांसद चुना जाए तो उसकी बात में सच्चाई होनी चाहिए क्योंकि वह जनता का प्रतिनिधि होता है उसे अपना मोह, स्वार्थ तथा भाईवाद को त्यागना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को जनता के लिए ना बिजली की चिंता है, ना पानी की चिंता है, ना खाद उपलब्ध करवाने की चिंता है और ना ही सड़क की चिंता है, यह केवल अपने स्वार्थ पूर्ति की चिंता करते है। उन्होंने मुख्यमंत्री राजस्थान से प्रश्न किया कि आचार संहिता लगने के दो दिन पूर्व प्रतिबंध होने के बावजूद दौसा में कुछ स्थानान्तरण हुए थे और फाईल मुख्यमंत्री जी की जानकारी में ही चली थी तो इसका तात्पर्य यह है कि उस दिन तक भाजपा का प्रत्याशी जगमोहन मीणा तय नहीं था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आपस में उलझे हुए हैं, लड़ रहे हैं, प्रदेश के हित, कानून व्यवस्था ठीक करने, किसानों, सड़कों, नौकरियों की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने पिछले 10 माह में आपस में लड़ने के अलावा कोई कार्य नहीं किया है इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी की विजय सुनिश्चित करनी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज ईआरसीपी की बात भाजपा सरकार कर रही है जबकि पांच साल तक इस योजना को केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री के वादे के बावजूद लटकाए रखा तब हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 10 हजार करोड़ से अधिक खर्च कर इस परियोजना में काम करवाया। नोनेरा और ईसरदा बांध बनवा कर क्षेत्र की जनता की प्यास बुझाने के लिए कांग्रेस सरकार ने बजट आवंटित किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 कौम को साथ लेकर चलती है और सम्पूर्ण समाज के समर्थन से विजयी होती है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी का काम प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने करवाया, कांग्रेस सरकार ने ही न्यूनतम 1000 रुपये पेंशन की, प्रदेशभर में नये कॉलेज खोले, अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। उन्होंने कहा कि दौसा की धरती पर कांग्रेस के दिग्गज नेता स्व. पं. नवल किशोर शर्मा और स्व. राजेश पायलट ने विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देकर विजयी बनाएं ताकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नेता विधानसभा एवं लोकसभा में जनहित के मुद्दे मजबूती के साथ उठाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का गुजरात मॉडल की बात करते हैं, जिसका तात्पर्य है कि डमी व्यक्ति को मुख्यमंत्री के पद पर बैठा कर अपने अधिकारी लगा कर प्रदेशों में जनता को लूट कर दिल्ली के नेता अपना घर भर लें। उन्होंने कहा कि गुजरात मॉडल खतरनाक है इसके तहत भाई को भाई, जातियों को जातियों से लड़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल से ज्यादा केन्द्र की सरकार को बने हो गए और 10 माह से ज्यादा प्रदेश में भाजपा की सरकार को बने हो गए लेकिन एक भी जनहित को कार्य भाजपा की सरकारों ने नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपील की कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी जनता के बीच रह कर जनता की सेवा करने के लिए चुनाव लड़ रहे है जबकि भाजपा नेता सत्ता का आनन्द लेने के लिए चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है।

डोटासरा ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने चहुंमुखी विकास किया था, एक से बढ़ कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की थी किन्तु भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के विरूद्ध जमकर दुष्प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से बात के धनी होने की आशा की जाती है किन्तु उन्होंने भी ईआरसीपी पर प्रदेश की जनता से झूठ बोला तथा कांग्रेस की सरकार पर तथ्यहीन आरोप लगाए थे, आज भाजपा की सरकार बने 10 माह हो गए उन्हें यह बताना चा-हए कि कितने आरोप साबित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पेपरलीक को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे है जबकि देश में पेपरलीक रोकने के लिए सबसे बड़ा कानून पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बनाया था। उन्होंने कहा कि पेपरलीक में लिप्त सर्वाधिक अपराधी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ही पकड़े थे उस दौरान जो भाग गए, विदेश चले गए थे उन्हें अब पकड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता सिर्फ बातें करते है और कांग्रेस के नेता जनता के लिए कार्य करते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कस्तूर चन्द मीणा को सभी क्षेत्रवासी अपना मत एवं समर्थन देकर विधानसभा में भेजे ताकि क्षेत्र के समुचित विकास के लिए विधानसभा में एक सशक्त आवाज क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से आ''ान किया कि देवली-उनियारा से कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता क्षेत्र के गांव, ढाणी, मौहल्ले में जाकर भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व राज्य सरकार की विफलताएं उजागर करें।

डोटासरा ने प्रदेश में होने वाले सातों विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताने का आ''ान क्षेत्रवासियों से करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगे तथा सदैव क्षेत्रवासियों के सुख, दुःख में भागीदार रहेंगे।

जनसभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, एआईसीसी की सचिव व सह प्रभारी राजस्थान पूनम पासवान, पूर्व मंत्री डॉ. रघु शर्मा सहित सांसद, विधायक, विधायक प्रत्याशी व स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन स्वच्छ भारत के साथ स्वस्थ भारत का दिया गया संदेश

चमकता राजस्थान




**धौलपुर(रामदास तरुण) धौलपुर, 25 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को मचकुण्ड रोड स्थित मेला ग्राउण्ड से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर के नेतृत्व में खिलाडियों, राजकीय कर्मचारी, महिलाओं, छात्र-छात्राओं, एनजीओ, ट्रस्ट,स्वच्छता व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं, व्यापारी, स्थानीय नागरिक, प्रबुद्ध जनों ने मेला ग्राउण्ड से मचकुण्ड परिसर तक दौड़कर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का सन्देश दिया। जिला कलक्टर ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने का सन्देश देने की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से की गई। जिला कलक्टर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एक पंथ दो काज की तरह है। यह हमें स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया के ध्येय को अमल कर हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना आवश्यक है। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एएन सोमनाथ ने बताया कि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेक- र विभिन्न प्रकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम किये जा रहे हैं। अभी हमने गत दिनों में भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान बहुत बड़ा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। इसी कड़ी में सरकार की यही मंशा है कि स्वच्छता को स्वास्थ्य से यदि जोड़ा जाए यानि हम यह कह सकते हैं कि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। जिला प्रशासन का यह दयित्व है कि हमारे जो भी कार्मिक, स्टेकहोल्डर्स हैं और जो भी हमारे सम्पर्क में आते है। को रन फॉर यूनिटी के माध्यम से प्रोत्साहित करें कि वे स्वच्छता के साथ-साथ प्रतिदिन अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। इस दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीना, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी राजवीर सिंह, गोपेश मीणा एठ जिला परिषद धौलपुर, मोहर सिंह मीणा, सीनियर ऑफिसर, डीईओ माध्यमिक सुक्खो देवी, सीडीईओ दाउदयाल शर्मा, डाइट प्रधानाचार्य महेश मंगल सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्कूली छात्र और आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जूनियर नेशनल स्कैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

चमकता राजस्थान




**जयपुर 25 अक्टूबर ।** कोलकाता में आयोजित सब जूनियर /जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप 19 से 25 अक्टूबर मेंआयोजित सब जूनियर /जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने बॉयज अंडर वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत राजस्थान का नाम रोशन किया कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि सुभाष नीरजा मोदी स्कूल 9 वी क्लास का विद्यार्थी है और प्री क्वार्टर में महाराष्ट्र के वरुण शाह को 11- 5,11- 5,11- 4, से क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र के रचित शाह को 11-5,11-9,11-2, से सेमी फाइनल में दिल्ली के आर्यवीर दिवान 12-10, 6- 11,6- 11,8- 11, से हार का सामना करना पड़ा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। धुनसेरी कंपनी के डायरेक्टर सी के धानुका और टूर्नामिंट डायरेक्टर अनुज सांगानेरी और स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी साइरस पोंछा और स्क्वैश के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने सुभाष चौधरी को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत राजोसी पंचायत समिति श्रीनगर (अजमेर)

क्रमांक- ग्रा.पं.श्री/निविदा/2024-25/52 दिनांक - 25.10.2024

## ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग रास्थान सरकार जयपुर के आदेश एफ 27 (263) ग्रावि/ग्रुप 5/ जीकेएन/ उपापन/ 2015-16 जयपुर दिनांक 13.08.2016 एवं एफ 165 ( ) पराविं/ लेखा/ RTPP/ विविध/ 2020-21/ 1658 दिनांक 24.06.2020 के तहत ग्राम पंचायत में निम्नांकित कार्य हेतु संलग्न जी शिड्यूल में अंकित मापदण्डानुसार कार्य कारवाने के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 25.10.2024 से दिनांक 29.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO : ZAJ2425A0784
UBN NO : ZAJ2425WSOB00840

NIB NO: ZAJ2425A0785
UBN NO:ZAJ2425WSOB00841

सरपंच
ग्राम पंचायत राजोसी
पंचायत समिति श्रीनगर (अजमेर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राजोसी

क्रमांक- ग्रा.पं.मा/निविदा/2024-25/53-58


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929